

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 27 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -41 ■ अंक-207 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में राज्यों की चुप्पी पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली,27 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में राज्यों की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने उन राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को तलब किया है, जिन्होंने अभी तक जवाब नहीं दिया। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की तीन सदस्यीय बेंच मामले में सुनवाई कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और एमसीडी ने ही अब तक जवाब दाखिल किया है। बाकी सभी राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 3 नवंबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि उन्हें यह स्पष्ट करना होगा कि अब तक जवाब दाखिल क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि अगर अधिकारी अगली सुनवाई की तारीख पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा या दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस मामले पर अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। इससे पहले, 22 अगस्त को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं से आगे सुनवाई का दायरा बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया था और उन्हें जवाब दाखिल करने का आदेश दिया था। मामले की पृष्ठभूमि में कोर्ट ने पहले एक दो सदस्यीय बेंच के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर के सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था। हालांकि, इस आदेश पर विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय बेंच ने इसमें संशोधन किया। दरअसल, आवारा कुत्तों से जुड़ा मुद्दा तब सुर्खियों में आया, जब 11 अगस्त को जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने दिल्ली के नगर निगम अधिकारियों को आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके लिए 8 हफ्तों में 5,000 की क्षमता वाले शेल्टर बनाने का आदेश दिया था। इस आदेश में कुत्तों को फिर से सड़कों पर छोड़े जाने पर रोक लगाई गई, नसबंदी, टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग अनिवार्य किया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि शेल्टर में सीसीटीवी, पर्याप्त स्टाफ, खाने और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हों। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का कुछ लोगों ने विरोध किया। इसके बाद यह मामला न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली 3 जजों की पीठ को सौंप दिया गया। इस बेंच ने 22 अगस्त को 11 अगस्त के आदेश में संशोधन किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि कुत्तों को शेल्टर से डि-वॉर्म और टीकाकरण के बाद छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही, मामले का दायरा पूरे भारत में बढ़ा दिया गया।



### सूर्यकांत होंगे देश के नए मुख्य न्यायाधीश, CJI गवई ने कर दिया ऐलान

न्यायमूर्ति कांत वरिष्ठता के आधार पर इस पद के लिए अगले स्थान पर हैं, 23 नवंबर को न्यायमूर्ति गवई की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार ग्रहण करने के पात्र होंगे। सरकार द्वारा अधिसूचित होने के बाद, वह भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगे और 9 फरवरी, 2027 को अपनी सेवानिवृत्ति तक सेवा करने की उम्मीद है। उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण आर गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की सिफारिश करके अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी। न्यायमूर्ति कांत वरिष्ठता के आधार पर इस पद के लिए अगले स्थान पर हैं, 23 नवंबर को न्यायमूर्ति गवई की सेवानिवृत्ति के बाद पदभार ग्रहण करने के पात्र होंगे। सरकार द्वारा अधिसूचित होने के बाद, वह भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगे और 9 फरवरी, 2027 को अपनी सेवानिवृत्ति तक सेवा करने की उम्मीद है। उनका कार्यकाल 14 महीने का होगा। प्रक्रिया तय करने वाले दस्तावेज 'मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर' के अनुसार, भारत के CJI के पद पर नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के सबसे सीनियर जज को दी जानी चाहिए। मामले से वाकिफ लोगों के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश गवई ने सोमवार सुबह न्यायमूर्ति कांत को अपने सिफारिशी पत्र की एक प्रति सौंपी। यह सिफारिश केंद्र सरकार द्वारा 23 अक्टूबर को न्यायमूर्ति गवई को लिखे गए पत्र के बाद आई है.

## हाथ में यूरिन बैग, सिर पर पट्टी और प्लास्टर, शराब की तलब लगी तो अस्पताल से ठेका पहुंचा मरीज

**लखनऊ,27 अक्टूबर।** यूपी के शाहजहांपुर से चौंकाने वाला वीडिया सामने आया है। भीषण हादसे में घायल हुआ युवक हाथ में यूरिन बैग, सिर पर पट्टी और प्लास्टर बांधे ही अस्पातल से शराब के ठेके पर पहुंच गया। ठेके से शराब खरीदी और पास के ही हैंडपंप पर जाकर पानी ली और शराब पी। इसके बाद चुपचाप दोबारा अस्पताल पहुंचा और अपने बेड पर जाकर सो गया। गंभीर हालत में मरीज का अकेले अस्पताल से निकलना और शराब ठेके पर जाकर वापस आने का वीडियो वायरल हुआ तो अस्पताल के जिम्मेदारों तक भी पहुंचा। अब अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। आज तक के अनुसार पूरा मामला शाहजहांपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का बताया जा रहा है। थाना निगोही क्षेत्र के रहने वाले विपिन का दो दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज की तीसरी मंजिल पर वार्ड में भर्ती कराया गया था। इसी बीच विपिन वार्ड में कर्मचारी और अपने परिवार को चकमा देकर बाहर निकल गया और ठेके पर जाकर उसने शराब खरीदी। फिर पास के ही हैंडपंप से पानी लेकर शराब पी और बची हुई शराब की बोतल उसने जेब में रख ली। विपिन की मां का कहना है कि बेटे का कुछ दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था तब से अस्पताल में भर्ती है। उसका दिमाग काम नहीं करता। पत्नी भी महीने भर अस्पताल में भर्ती रही। आखिर में कैंसर से उसकी मौत हो गई। अब बेटे ने ऐसी हरकत कर दी है कि हम क्या बताएं. बहुत परेशान हैं। इस मामले में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रचार्य राजेश कुमार ने फोन पर हुई बातचीत में बताया कि यह वीडियो संज्ञान में आया है। इस मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहना संभव होगा। फिलहाल, मरीज का मेडिकल कॉलेज से निकलकर और शराब खरीद कर पीना मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था सवाल उठा रहा है।

## बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से भारत की आर्थिक शक्ति का उदय

**नई दिल्ली,27 अक्टूबर।** भारत की आर्थिक शक्ति का प्रवाह समंदरों से होता है। भारत के व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से तकरीबन 70 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों के जरिए होता है। वास्तव में समुद्र भारत के वाणिज्य की प्राणशक्ति है। कच्चे तेल और कोयले से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और कृषि उत्पादों तक देश के आयात और निर्यात का बड़ा हिस्सा व्यस्त बंदरगाहों से होकर गुजरता है। ये बंदरगाह भारत को विश्व भर के बाजारों से जोड़ते हैं। वैश्वीकरण से आपूर्ति श्रृंखला की अंतरनिर्भरता गहरी होने और भारत के प्रमुख मैनुफैक्चरिंग और ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरने के साथ ही बंदरगाहों और



जहाजरानी की कार्यकुशलता राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धिता को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। भारत ने खुद को वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से साहसिक कदम उठाते हुए मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 (एमआईवी 2030) की शुरुआत की। वर्ष 2021 में शुरू किए गए इस परिवर्तनकारी रोडमैप में 150 से ज्यादा रणनीतिक पहलकदमियों को शामिल किया गया है। इस विजन का उद्देश्य संवहनीयता और कौशल विकास को केंद्र में रखते हुए बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, जहाजरानी क्षमता का विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्गों का सुदृढ़ीकरण है। एमआईवी 2030 सिर्फ माल ढुलाई का खाका होने के बजाय व्यापार, निवेश और रोजगार का उत्प्रेरक भी है। यह भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धिता के मार्ग को प्रशस्त करता है।

## भीड़ भरी सड़क पर वाहनों को मारी टक्कर, 3 की मौत, कई घायल

**बेमेतरा,27 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां आज शाम एक तेज रफ्तार बेकाबू कार ने भीड़ भरी सड़क पर एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर में जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान घर पर खड़ी गाड़ी और घर के शीशे भी तोड़ दिए। घटना की जानकारी मिलते ही शहर की सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। वहीं, मृतकों और घायलों के परिजन समेत स्थानीय लोग आरोपी व्यापारी के घर के बाहर जमा हो गए और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए पूरे बल के साथ आरोपी के घर में घुसकर कार्रवाई की, लेकिन इसके बावजूद घर के बाहर भारी भीड़ जमा रही। भीड़ और पुलिस के बीच छोटे-मोटे झड़पें भी हुईं।

## प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खेल, पति-पत्नी समेत 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर,27 अक्टूबर।** बिलासपुर जिले में एक बार फिर धर्मांतरण को लेकर माहौल गर्मा गया. मस्तूरी थाना क्षेत्र के हिर्री गांव के एक सूने घर में प्रार्थना सभा बुलाई गई थी. जहां लोगों का धर्मापरिवर्तन कराया जा रहा था. हिंदू संगठन ने आरोप लगाया कि प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों का ब्रेनवाश किया जा रहा था. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक, हिर्री गांव के सूने मकान में प्रेयर मीटिंग बुलाई गई थी. जिसमें लगभग 70 लोग शामिल हुए थे. इस दौरान बहला-फुसलाकर लोगों का धर्मंतरण कराया जा रहा था. हिंदू संगठन ने इसकी सूचना के बाद पुलिस टीम



मौके पर पहुंची. उनका आरोप है कि यहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को झांसा देकर कहानी बताई जा रही थी. उनका ब्रेनवाश किया जा रहा था. घटना से जुड़ा हुआ वीडियो भी सामने में आया है. पुलिस के पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोग घर से बाहर निकलते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे हैं. पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के बाद पति गोरेलाल टंडन और उसकी पत्नी सद्रोहा टंडन समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इनके खिलाफ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है.

## छठ पूजा का तीसरा दिन आज, डूबते सूर्य को अर्ध्य देंगी व्रती महिलाएं

**रायपुर,27 अक्टूबर।** उत्तर भारत के महापर्व छठ को लेकर रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग समेत पूरे प्रदेशभर में तैयार हो चुका है. नहाए खाए में सात्विक भोजन खाकर व्रतियों ने महापर्व छठ पूजा की शुरुआत हो गई है. वहीं आज तीसरे दिन डूबते सूर्य को व्रती महिलाएं और पुरुष अर्ध्य देंगे. घरों में जहां आज मिट्टी के चूल्हे बनाए गए तो गेंहू, चावल धोकर सुखाए गए. बीते कल खरना के साथ ही तीन दिनों का कठिन व्रत भी शुरू हो चुका है. इसी कड़ी में राजधानी रायपुर का महादेव घाट भी सजकर तैयार हो गया है. बता दें कि बिलासपुर के पूर्व छठ घाट में सुबह से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. यहां छठ पूजा को लेकर समिति द्वारा भव्य तैयारी किया गया है. तो वहीं, दुर्ग जिले में भी इस पावन पर्व को लेकर शहर प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है. दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी घाटों में पहुंचकर वहां की तैयारियों का निरीक्षण कर जायजा लिया है. तालाबों की सफाई, घाट की रंग रोंगन के साथ ही भिलाई के 20 और दुर्ग में 10 से ज्यादा तालाबों में व्रती आज शाम डूबते सूर्य को अर्घ देंगे. वही मंगलवार की सुबह उगते सूर्यदेव की आराधाना के बाद यह व्रत पूरा होगा. इधर सुपेला, छावनी, बैंकुठधाम, सूर्य कुंड, कोहका, मुक्तिधाम तालाबों में आस्था का सैलाब उमड़ने वाला है. सुपेला के सबसे पुराने तालाब में अभी भी सफाई का दौर चल रहा है. वहीं बाजार भी दौरा, सूपा, मौसमी फल, पूजन सामग्री, पारंपरिक दीए सहित अन्य सामग्रियों से भर गया हैं. रात को भी तालाबों में विशेष रौशनी की गई है. खासकर सेक्टर-2, सेक्टर-7, राधिका नगर, बैंकुठधाम तालाबों में विशेष तैयारियां की जा रही है.



## दोबारा स्थापित की गई छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,27 अक्टूबर।** राजधानी के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा उखाड़े जाने के एक दिन बाद सोमवार को दोबारा स्थापित कर दी गई. मूर्ति को खंडित करने वाले आरोपी मनोज कुर्रे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि आरोपी मानसिक विक्षिप्त है. जानकारी के मुताबिक, नशे की हालत में आरोपी मनोज कुर्रे ने घटना को अंजाम दिया था. जांच के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है. जहां रविवार को वीआईपी चौक के पास स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को उखाड़ दिया गया था. घटना से लोगों में भारी आक्रोश था. छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया था. इसके बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी. वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी सख्त रुख अपनाते हुए कहा था कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. वहीं अब प्रतिमा के पुनः स्थापित होने से स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल है.



## इंस्टाग्राम पर साड़ी बेचकर 50 करोड़ की सायबर ठगी, पुलिस ने मुंबई से गिरोह के 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

खैरागढ़। छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ पुलिस ने एक ऐसी सनसनीखेज कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिसकी चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है. इंस्टाग्राम पर साड़ी बेचने के नाम पर हुई एक छोटी-सी ऑनलाइन ठगी के मामले ने पुलिस को 50 करोड़ रुपए के बड़े साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह तक पहुंचा दिया. मामला खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की छात्रा वसुधा सिन्हा की शिकायत से शुरू हुआ. छात्रा ने पुलिस को बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर एक ऑनलाइन पेज से साड़ी खरीदी और पेमेंट करने के बाद उसके साथ ₹64,000 की ठगी हो गई. पहली नज़र में यह एक छोटा मामला लग रहा था, लेकिन खैरागढ़ साइबर सेल ने जब इंस्टाग्राम पेज, पेमेंट ऐप और बैंक खातों की गहन जांच शुरू की, तो ठगी के एक बड़े जाल का पता चला. जांच में सामने आया कि इस फ्रॉड के पीछे मुंबई के डोम्बिवली और कल्याण में सक्रिय एक बड़ा गैंग काम कर रहा था. ये शातिर ठग इंस्टाग्राम पर साड़ी बेचने के फर्जी शॉपिंग पेज बनाकर देशभर के लोगों को निशाना बना रहे थे. चौंकाने वाली बात यह है कि ये लोग "100 बुक" नाम का एक ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग ऐप भी चला रहे थे, जिसके जरिए ठगी के इस काले कारोबार को और बड़ा किया जा रहा था. साइबर सेल ने जब आरोपियों के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया, तो सामने आया कि गिरोह ने ठगी के लिए 100 से अधिक फर्जी सिम कार्ड और बैंक खाते बना रखे थे. इन खातों के माध्यम से ही करीब ₹50 करोड़ का बड़ा लेन-देन हुआ था. गिरोह की धरपकड़ के लिए खैरागढ़ पुलिस की टीम ने 7 दिन तक मुंबई में डेरा डाला. टीम ने आरोपियों की पहचान और ठिकाने की पुष्टि के लिए खुद को 'डिलीवरी ब्वॉय' बताकर इलाके में रेकी की. सही मौका देखकर, पुलिस ने डोम्बिवली के दो फ्लैटों में एक साथ छापा मारा.

## अमेरिका की तमाम बड़ी तैयारियों के बावजूद भी वेनेजुएला झुकने को तैयार नहीं

**वेनेजुएला,27 अक्टूबर।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में जो हलचल देखने को मिली है, उससे लग रहा है कि दोनों देशों के बीच जंग कभी भी भड़क सकती है। खासकर लैटिन अमेरिका में अमेरिका ने करीब 10 हजार अपने सैनिकों की तैनाती के साथ ही अपने कई खतरनाक युद्धपोत, एयरक्रॉफ्ट कैरियर, परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती बढ़ाई है। उसके बाद से तो ऐसा लग रहा है कि अमेरिका की सेना वेनेजुएला पर हमला करने के मूड में है। लेकिन यहां गौर करने वाली बात ये है कि अमेरिका की तमाम बड़ी तैयारियों के बावजूद भी वेनेजुएला झुकने को तैयार नहीं है। बल्कि अमेरिका को भिड़ने की सीधी चुनौती भी दे रहा है। ऐसे में हर किसी के मन में यही सवाल है कि वेनेजुएला अमेरिका से कई गुणा छोटा देश होने के बावजूद भी कैसे उसे सीधे ललकार रहा है। आपको बता दें कि वेनेजुएला की आबादी भारत के राज्य हरियाणा जितनी है।

आखिर वेनेजुएला के पास ऐसा क्या है कि वो दुनिया की महाशक्तियों में से एक अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कह रहा है कि अगर कोई भी हिमाकत की तो उसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। वेनेजुएला के पास आखिर ऐसे कौन से हाईटेक हथियार हैं जो अमेरिका से जंग लड़ने के लिए तैयार दिख रहा है। दरअसल, अमेरिका और वेनेजुएला अब आमने सामने आ गए हैं। अमेरिका को जवाब देने के लिए वेनेजुएला ने रूसी हथियारों को मैदान में उतार दिया है। रूसी हथियारों की एंट्री ने ट्रंप की भी टेंशन बढ़ा दी है। उधर चीन भी वेनेजुएला के सपोर्ट में उतर आया है। चीन ने ट्रंप प्रशासन के वेनेजुएला के तट पर अमेरिकी सैन्य तैनाती की कड़े शब्दों में निंदा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति




निकोलस ने कहा है कि उनकी सेना के पास देशभर में कम से कम पांच हजार रूस में बनी ईग्ला एस मानव पोर्टेबल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं। ये वही मिसाइलें हैं जिसका इस्तेमाल भारत भी करता है। राष्ट्रपति मादुरे ने पिछले 10 सालों में इस मिसाइल पर काफी निवेश किया है। ये कंधे से दागे जाने वाली मिसाइल है। पांच हजार से ज्यादा ईग्ला एस मानव पोर्टेबल मिसाइलें अमेरिकी विमानों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। माधुरों को सत्ता से हटाने के लिए अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल एक्सपोर्ट पर भी सेंशंस लगा दिए।

वेनेजुएला में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए गए। लेकिन निकोलस मादुरो टस से मस नहीं हुए। ऐसे में आखिरी और सबसे बड़ा हमला करने के लिए अमेरिकी डीप स्टेट ने लोकतंत्र का सहारा लिया। अमेरिका ने कहा है कि अब वक्त आ गया है कि वेनेजुएला में भी लोकतंत्र आए। अमेरिकी डीप स्टेट ने ऐलान किया है कि माधुरों के जाने का वक्त आ गया है और उनकी जगह वेनेजुएला में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही मरिया कोरीना मचाडो को आना चाहिए।

मरिया कोरीना मचाडो है जो अमेरिकी डीप स्टेट के कहने पर पिछले कई सालों से निकोलस माधुरों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। इन्हीं मरिया कोरीना मचाडो को हाल ही में शांति का नोबेल पुरस्कार दिलवाया गया है ताकि मादुरों को हटाया जाए और मचाडो को सत्ता में लाया जाए।

मरिया कोरीना मचाडो पहले ही बयान दे चुकी हैं कि अगर वह वेनेजुएला की सत्ता में आती हैं तो अमेरिकी कंपनियों को वेनेजुएला में तेल व्यापार करने के लिए बुलवाएंगी। अब बताइए इससे बड़ा और सबूत क्या हो सकता है कि अमेरिका लोकतंत्र की आड़ में वेनेजुएला में तख्ता पलट करवाना चाहता है। जंग के बीच मरिया कोरीना मचाडो ने पीएम मोदी पर बयान दिया है। शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाली मचाडो ने एक भारतीय चैनल को इंटरव्यू देते हुए कहा है कि मैं आजाद वेनेजुएला में पीएम मोदी की मेजबानी करने के लिए तैयार हूं।

## सुरक्षा, साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था के लिए

# कलेक्टर, एसपी और आयुक्त ने प्रमुख घाटों का किया निरीक्षण

**भिलाई, 27 अक्टूबर।** आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख छठ घाटों और तालाबों का व्यापक भ्रमण किये। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया और सम्बंधित पूजा समितियों तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भ्रमण दल ने सबसे पहले सेक्टर 7 तालाब का दौरा किया। यहाँ की गई आकर्षक हरियाली, उत्कृष्ट साफ-सफाई, घाटों की व्यवस्था और प्रकाश प्रबंधन को देखकर कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने विशेष रूप से प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने आयोजन समिति द्वारा किए गए व्यवस्थित कार्यों की सराहना की ।इसके पश्चात,



अधिकारियों ने सेक्टर 2 तालाब का अवलोकन किया। महत्वपूर्ण स्थलों में बाबू नगर तालाब खुर्सीपार, खुर्सीपार सूर्यकुण्ड तालाब, बैकुंड धाम कैंप 1 तालाब एवं कैंप 1 मुक्तिधाम तालाब का गहन निरीक्षण किया गया।चूंकि सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक रहती है, इसलिए कलेक्टर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित किया।सभी स्थलों में भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए, अधिकारियों ने व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वाहनों की सुगम आवाजाही और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपाय सुझाए।घाटों की सुरक्षा हेतु तालाबों के किनारों पर बैरिकेडिंग और गहरे पानी से बचाव के लिए गोताखोरों की तैनाती के संबंध में निर्देश दिए गए। ?अंतिम चरण में हाऊसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने घाटों की सफाई और पहुंच मार्गों की स्थिति का जायजा लिया।कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से नगर निगम को सफाई और प्रकाश व्यवस्था को सक्रिय रखने तथा पुलिस प्रशासन को सुरक्षा गश्त और यातायात प्रबंधन को सुचारू बनाए रखने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पर्व के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित करने और हर घाट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### छठ पर्व पर पावर हाउस स्टेशन पर नहीं बजे छठ गीत,बिहार समाज निराश

**भिलाई, 27 अक्टूबर।** छठ महापर्व के दौरान जहां पूरे शहर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा, वहीं पावर हाउस रेलवे स्टेशन पर छठ गीतों की अनुपस्थिति ने स्थानीय बिहारी समाज को निराश कर दिया। भिलाई में बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों की बड़ी आबादी रहती है, जो हर साल परंपरागत रूप से घाटों पर छठ पर्व मनाती है। लेकिन रविवार को छठ पर्व के मौके पर पावर हाउस स्टेशन पर न तो छठ गीत बजाए गए और न ही कोई विशेष सजावट या संदेश प्रसारित किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भिलाई में सबसे बड़ी आबादी बिहारी समाज की है, ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर इस लोकपर्व की झलक दिखनी चाहिए थी। जब अन्य त्योहारों पर सजावट और गीतों की व्यवस्था होती है, तो छठ पर्व पर भी समान सम्मान मिलना चाहिए, समाजसेवी ने कहा। लोगों ने रेलवे प्रशासन से आग्रह किया है कि इस पर्व की भावना का सम्मान करते हुए स्टेशन पर छठ गीतों और सांस्कृतिक माहौल की व्यवस्था की जाए।

### गोवंश की हत्या के आरोप में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अक्टूबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-2 संतोषी पारा में गोवंश पर कटर से एक दर्जन से अधिक बार बार कर उसकी हत्या के मामले में आरोपी नंद कुमार भारती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 325 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की छावनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि आरोपी नंदकुमार भारती सिरफिरा किस्म का है इसके खिलाफ थाने में दर्जनों मारपीट के मामले दर्ज हैं 23 अक्टूबर को घटित इस वारदात के बाद से आरोपी फरार था। मामले में अपराध दर्ज कर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया आरोपी की मौजूदगी घटना स्थल पर दिखी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की ।

### चोरी में शामिल युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थानाक्षेत्र के चोरी की वारदात में शामिल आरोपी इंद्रजीत महतो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने मालिक रिसाली निवासी मुकेश सराफकी आलमारी में रखे 45 हजार रुपए में से 10 हजार रुपए चोरी कर लिया था पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की।

### हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 27 अक्टूबर।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरसनारा में मातर कार्यक्रम के दौरान आकाश निर्मलकर की हत्या करने वाले फरार आरोपी को एसीसीयू एवं नंदिनी थाना की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताया गया नंदिनी प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि 22 अक्टूबर की रात अरसनारा गांव में मातर का कार्यक्रम आयोजित था कार्यक्रम में गांव का आकाश निर्मलकर ( 19 साल ) अपने दोस्तों के साथ शामिल हुआ था इसी दौरान उसका गांव के ही दूसरे युवक लुकेश मैत्रे ( 19 साल ) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी लुकेश मैत्रीय ने जेब में रखा चाकू निकालकर आकाश पर कई वार कर दिया। हमले में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही गिर पड़ा परिजनों और स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में आकाश को कचांदूर स्थित सीएम हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के पिता सुखदेव निर्मलकर (50 साल ) की रिपोर्ट पर थाना नंदिनी पुलिस ने मामले में धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान फरार आरोपी को पकड़ने के लिए अलग अलग टीम गठित की मुखबीर की सूचना पर आरोपी को दुर्ग से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया तथा पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने के फिराक में था जो मौका पाकर हत्या करना कबूल किया है आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया है।

### जान से मारने की धमकी,पार्षद ने रिपोर्ट लिखाई

**भिलाई, 27 अक्टूबर।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत रिसाली निगम की पार्षद ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पार्षद ने अपने पड़ोसियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गलौच की और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एचएससीएल कालोनी रूआबांधा सेक्टर निवासी माया यादव (43 साल) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वर्तमान में वार्ड 05 एचएससीएल कालोनी की पार्षद है पडोसी उषा भवसागर ऊर्फ सुधा, समीर, कुणल, हरीनारायण राय से पुरानी रंजिश चल रही है उसी बात को लेकर सभी एक राय होकर उससे गाली-गलौच करने लगे ।



# राज्यपाल ने स्कंदाश्रम में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**भिलाई, 27 अक्टूबर ।** राज्यपाल रमेन डेका ने हुडको स्थित स्कंदाश्रम में विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तीन दिवसीय चलने वाले इस 28वीं स्कंद षष्ठी महोत्सव के महायज्ञ में राज्यपाल डेका धर्मपत्नी श्रीमती रानी डेका के साथ सम्मिलित हुए तथा संकल्प लेकर देवी सप्तसती का पहला अध्याय पूर्ण किया। यह महायज्ञ हर वर्ष दिवाली के बाद स्कंद षष्ठी तिथि को दक्षिण भारतीय वेदाचार्यों द्वारा विधिवत सम्पन्न कराया जाता है। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम हितेश पिस्दा सहित बड़ी संख्या में स्कंदाश्रम के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह में पुलिस ने 104 मामलों में 142 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की



**भिलाई,27 अक्टूबर।** भिलाई विगत एक सप्ताह में दुर्ग पुलिस ने चाकूबाजों पर नकेल कसते हुए 38 आरोपियों को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया है। वहीं 104 मामलों में 142 आरोपियों के विरूद्ध भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बीते एक सप्ताह में धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाला, अशांति फैलाने एवं उपद्रव करने वालों को चिन्हित कर इनके विरूद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना सुपेला से 13, पद्मनाभपुर से 4, दुर्ग, मोहन नगर, वैशाली नगर एवं थाना खुर्सीपार से 3-3, भिलाई नगर, छावनी से 2-2, जामुल, अण्डा, रानीतराई, अमलेश्वर, नंदिनी नगर से 1-1 आरोपियों इस प्रकार कुल 38 आरोपियों को धारदार हथियार लेकर लोगों को डराते-धमकाते गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार जब्त कर सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 27-27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की। इसी प्रकार अशांति फैलाने एवं संज्ञेय अपराध की आशंका पर 104 प्रकरणों में 142 आरोपियों जिसमें थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, छावनी 4-4, मोहन नगर से 5, पुलगांव 27, जेवरा सिरसा से 3, अंजोरा से 12, नगपुरा से 6, भिलाईनगर 9, नेवई से 12, सुपेला 6. स्मृतिनगर 3, वैशालीनगर 5, खुर्सीपार 3, जामुल 2. पुरानी भिलाई 1, कुम्हारी 2, अण्डा 1, नंदिनी नगर 7, रानीतराई से 2, अमलेश्वर से 3, उतई 16, बोरी से 5 इस प्रकार कुल 142 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए आरपीएफ की विशेष व्यवस्था

**भिलाई, 27 अक्टूबर।** छठ महापर्व के अवसर पर बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए आरपीएफ ने विशेष व्यवस्था की है। आईजी आरपीएफ बिलासपुर के दिशा-निर्देश और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर के मार्गदर्शन में आरपीएफ पोस्ट दुर्ग प्रभारी संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में यह पहल की गई। इस दौरान एक्स आर्मी, रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से दुर्ग स्टेशन पर यात्रियों को लाइन लगाकर सुरक्षित रूप से ट्रेन में बैठाने की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में सहायक सुरक्षा आयुक्त विनोद लांजीवर भी उपस्थित रहे।यात्रियों के ठहरने के लिए सर्वसुविधायुक्त होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जहाँ पेयजल, बैठने और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यात्रियों ने सामान्य कोच में लाइन व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन के लिए आरपीएफ टीम का आभार जताया है। रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी यात्री दुर्ग स्टेशन आकर ट्रेनों – विशेषकर सारनाथ एक्सप्रेस – में सामान्य कोच में सीट पाकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहे हैं।

## लांड्री से कपड़े व नगदी की चोरी

**भिलाई, 27 अक्टूबर।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के लाण्ड्री प्रेस की दुकान में अज्ञात चोर ने 46 नग कपड़े व नगद चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। वैशालीनगर पुलिस ने बताया कि हरिनाथ राव (52 साल) की श्री बालाजी आंन्धा लाण्ड्री प्रेस की दुकान लोकभारती स्कूल के सामने है प्रार्थी ने रात 8 बजे अपने दुकान में ताला लगाकर घर चला गया था दीपावली त्योहार होने से दुकान बंद था दुकान पर गया तो देखा कि दुकान में ताला लगा था पर कुंडी टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो दुकान में लोगों द्वारा दिये गये प्रेस करने के लिये पुरानी इस्तेमाली कपड़े करीब 46 नग दुकान में नहीं था और गल्ले में रखे 1000 नगद गायब था। अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था

# अभिषेक को बेहतर उपचार के लिए विधायक रिकेश की पहल पर सेक्टर-9 बर्न यूनिट में किया शिफ्ट

**भिलाई नगर, 27 अक्टूबर ।** दीपावली में पटाखे जलाते समय झुलसे अभिषेक यादव (9 वर्ष) के बेहतर उपचार के लिए विधायक रिकेश सेन ने पहल की है। उनकी पहल से बालक को सेक्टर-9 हास्पीटल की बर्न युनिट में एडमिट कराया गया है। श्री सेन ने बच्चे के उपचार के लिए हर संभव सहायता का जिम्मा स्वयं पर लिया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन इन दिनों बिहार चुनाव में? भाजपा के प्रवासी प्रभारी के रूप में गरखा और अमरोहा विधानसभा में एनडीए प्रत्याशियों के लिए विजय की रणनीति में मशगूल हैं। इस बीच दुर्ग दीपक नगर निवासी अभिषेक के झुलसने की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल पहल कर उसे सेक्टर-9 हास्पीटल में एडमिट करवाया है। अभिषेक की माता उषा यादव दूसरों के घर में झाड़ू-पोछा तथा पिता कचरा बीन कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। अभिषेक के साथ ऐसा हादसा होने से पूरा परिवार व्यथित है क्योंकि उनके पास अच्छे उपचार के रूपये नहीं हैं। उन्होंने इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई तो वैशाली नगर विधायक ने बिहार में रहते हुए मामले को संज्ञान में लिया और वरिष्ठ चिकित्सकों से बात कर अभिषेक को सेक्टर-9 बर्न युनिट में रेफर करवाया है। श्री सेन ने बच्चे के उपचार का पूरा खर्च स्वयं करने का आश्वासन परिजनों को दिया है। इस हादसे में अभिषेक का चेहरा और दोनों जल हाथ बुरी तरह झुलस गया है। जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती अभिषेक को आज पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 भिलाई की बर्न युनिट लाया गया है।

# बीच सड़क कार खड़ीकर शराब पी रहे 5 लोग गिरफ्तार



**भिलाई,27 अक्टूबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के बीच रोड में कार खड़ीकर जोर-जोर से गाना बजाकर शराब पी रहे 5 लोगों को समझाइश देने पहुंची पुलिस के साथ विवाद कर मारपीट के साथ वाहन की चाबी छीन ली रिपोर्ट पर मामले में जामुल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि थाना जामुल की पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को रावणभाठा में लड़ाई झगड़ा की सूचना गई थी वापसी के दौरान शिवपुरी मोड़ जामुल में अतुल वर्मा, भरत यादव लुधेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, चन्द्रकुमार बर्मन ने अपनी कार को रोड में लगाकर जोर-जोर से गाना बजाकर शराब सेवन कर रहे थे उसे थाना की पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा समझाइश देने पर पुलिस वालो को गाली गलौज करने लगे एवं सभी पुलिस कर्मचारी, आरक्षक चालक के साथ झूमा झटकी कर छीना झपटी करने लगे बीच बचाव करने 112 वाहन की टीम गई तो उनसे भी विवाद कर झूमाझटकी कर 112 वाहन की चाबी को छीन लिए आरक्षक चालक की रिपोर्ट पर अतुल वर्मा निवासी शिवपुरी जामुल, भरत यादव ( 60 साल ) निवासी शिवपुरी जामुल, लुधेश्वर यादव (40 साल ) निवासी महादेव घाट रायपुर, मनीष गुप्ता (28 साल ) निवासी रावणभाठा जामुल व चंद्रकुमार बर्मन (34 साल ) निवासी शिवपुरी जामुल के खिलाफ धारा 132, 221, 296, 324(4), 351(3), 115(2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है

# चेतावनी के बावजूद देर रात तक डीजे बजाने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**कवर्धा,27 अक्टूबर ।** जिले में ध्वनि प्रदूषण और आमजन की असुविधा को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी डीजे संचालकों और संबंधित समितियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश और कड़ाई से चेतावनी दी गई थी कि रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का तेज डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन अनिवार्य है।इसके बाद थाना कवर्धा पुलिस ने दिनांक 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर 2025 को अलग-अलग मामलों में 2 डीजे धुमाल संचालकों के डीजे साउंड सिस्टम और वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया, जहां एक मामले में डीजे सिस्टम को राजसात करने और वाहन स्वामी पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए गए, तथा दूसरे में सुनवाई जारी है।दिनांक 25 अक्टूबर 2025 को जिले में आयोजित माता लक्ष्मी की प्रतिमा के विर्सजन के दौरान सभी समितियों और आयोजकों के माध्यम से स्पष्ट अपील की गई थी कि रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाए जाएँ। इसके बावजूद, गुप्ता पार, कवर्धा में भोले भंडारी डीजे संचालक – अनिकेत धुर्वे ने रात 11.30 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे धूमाल बजाकर आमजन की शांति भंग की। तेज ध्वनि के कारण आसपास के निवासियों को नींद बाधित होना, मानसिक तनाव और दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत कबीरधाम पुलिस को मिली।सूचना मिलने पर थाना कवर्धा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते धुमाल को साउंड सिस्टम और वाहन को जप्त किया। डीजे धुमाल को राजसात करने और अर्थदंड के लिए इष्टगशा माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।कबीरधाम पुलिस स्पष्ट करती है कि जिले में ध्वनि प्रदूषण, नियमों का उल्लंघन और आमजन की असुविधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्यवाही सभी डीजे संचालकों, आयोजकों और समितियों के लिए चेतावनी है कि भविष्य में रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाने का पालन सुनिश्चित करें; अन्यथा वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करना है, और यह कार्रवाई उसी संकल्प का प्रतीक है।

### गौ संरक्षार्थ सुरभि रूद्र महायज्ञ 6 से 14 नवंबर तक

**कवर्धा, 27 अक्टूबर ।** कवर्धा के क्षेत्र में होने वाले गौ संरक्षार्थ सुरभि रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम 06 नवंबर से 14 नवंबर तक ग्राम घुघरी खुर्द में किया जाएगा, कार्यक्रम में 05 दिवस के लिए प्रवचनकर्ता प्रदीप मिश्रा जी भी 06 नवम्बर से प्रवचन भी करेंगे, कार्यक्रम में पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से योगाचार्य के द्वारा प्रति दिन योगाभ्यास भी कराया जाएगा, साथ ही गौ माता के संरक्षण हेतु यज्ञ का आयोजन लगातार 09 दिनों तक किया जाएगा, साथ ही प्रवचनकर्ता प्रदीप मिश्रा जी का भी मुखारबिंद से प्रवचन एवं कामदगिरि पीठाधीश्वर रामस्वरूपा चार्य जी के द्वारा राम कथा किया जाएगा जिसका लाभ क्षेत्र वासियो को मिल सकेगा। आज का बैठक गणेश पुरम में गणेश तिवारी के निवास माता निलयम में किया गया आयोजनकर्ता गणेश तिवारी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, कवर्धा,नगरपालिका अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, भगवताचार्य मेघानन्द महाराज, ग्राम घुघरी खुर्द के सरपंच वीर सिंह पटेल, पतंजलि योग पीठ के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बंटी तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारीके साथ श्रीकांत उपाध्याय एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चाय पीने के लिए पैसे मांगे, विरोध करने पर युवक की हत्या



**भिलाई,27 अक्टूबर।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। आरोपियों ने चाय पीने पैसे मांगे, विरोध करने पर युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिए थे। पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि 20-21 की रात 2.30 बजे रेलवे स्टेशन दुर्ग के पास किसी अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात आरोपियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में थाना मोहन नगर में धारा 103 (1), 311,3 (5), 111 (3) ख बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम बनाकर घटना स्थल एवं रेलवे स्टेशन के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। संदेहियों की पहचान सिकोला भाठा एंव सिकोला बस्ती निवासी के रुप में हुई। 25 अक्टूबर को संदेहियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताए कि 20 अक्टूबर की रात 2.30 बजे रेलवे स्टेशन चाय पीने गए। रेलवे स्टेशन का एक चक्कर लगाने के बाद स्टेशन से बाहर निकलने पर रेलवे स्टेशन माल गोडाउन के पास एक अज्ञात व्यक्ति बैठा था आरोपियों के पास पैसा नहीं था। तब उस अज्ञात व्यक्ति के पास जाकर बोले तुम्हारे पास जो पैसा है उसे दे दो तो उस अज्ञात व्यक्ति ने विरोध किया। फिर आरोपियों ने उसे पकड़कर उसकी तलाशी लेने लगे वह व्यक्ति मारपीट करने लगा। इस पर इन सभी ने मिलकर चाकू से उस अज्ञात व्यक्ति के गर्दन, पेट एंव सीने पर वार कर चोट पहुंचा कर भाग गये। पुलिस ने मोहित साहू उर्फ डिवाइन उर्फ दादू (19 साल) निवासी सिकोला भाठा मोहन नगर, सावन नेताम (20 साल ) निवासी बाम्बे आवास उरला मोहन नगर व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर आरोपियों से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस कार्रवाई में एसीसीयू एवं मोहननगर पुलिस शामिल थे।

### श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित

**दुर्ग 27 अक्टूबर ।** छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आज दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) दुर्ग द्वारा जिले के प्रमुख तालाबों, घाटों एवं आयोजन स्थलों का सघन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों, आयोजन समितियों तथा नगर निगम प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सके।निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया ।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा 28 को 50 स्कूलों में स्मार्ट क्लास का करेंगे शुभारंभ

**कवर्धा, 27 अक्टूबर ।** शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के शासकीय स्कूलों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री मंगलवार 28 अक्टूबर को ग्राम बिरकोना से कवर्धा विधानसभा के 50 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ करेंगे। इन स्मार्ट क्लासों से मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी स्तर पर अध्ययनरत लगभग 22 हजार से अधिक विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। स्कूलों में स्मार्ट क्लास की स्थापना से अब तक पारंपरिक ब्लैकबोर्ड आधारित पढ़ाई करने वाले ग्रामीण विद्यार्थियों को डिजिटल बोर्ड, इंटरएक्टिव कंटेंट और मल्टीमीडिया आधारित शिक्षण जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से विज्ञान एवं गणित जैसे जटिल विषयों को समझने में यह तकनीक बड़ी सहायता सिद्ध होगी, जिससे विद्यार्थियों की अवधारणाएँ मजबूत होंगी तथा परीक्षाओं में परिणाम भी बेहतर होंगे। स्मार्ट क्लास में अध्यापन के दौरान विषय-विशेष की एनिमेटेड वीडियो, थ्री-डी मॉडल और लाइव डेमो सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी बड़े शहरों के स्कूलों की तरह तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकेंगे। प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े विद्यार्थी तक पहुँचाया जाए। इसी दिशा में कार्य करते हुए आने वाले समय में कवर्धा जिले के स्कूल को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट क्लास सुविधा से जोड़ा जाएगा। स्मार्ट क्लास का यह शुभारंभ न केवल एक तकनीकी पहल है, बल्कि जिले के शिक्षा जगत में डिजिटल क्रांति की ऐतिहासिक शुरुआत मानी जा रही है। यह व्यवस्था छात्रों को पारंपरिक पद्धतियों के साथ आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षा को और अधिक प्रभावी, रोचक एवं भविष्य उन्मुख बनाएगी।

जिले के 50 स्कूलों में एक साथ स्मार्ट क्लास सुविधा का शुभारंभ होगा। जिसमें स्वामी करपात्री उच्चतर माध्यमिक शाला कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पिपरिया, उच्चतर माध्यमिक शाला रवेली, उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा, उच्चतर माध्यमिक शाला बम्हनी, उच्चतर माध्यमिक शाला कोको, उच्चतर माध्यमिक शाला सोनपुरीरानी, उच्चतर माध्यमिक शाला जेवहनखुर्द, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पोंड़ी, उच्चतर माध्यमिक शाला खैरबनाकला उच्चतर माध्यमिक शालासारंगपुरकला, उच्चतर माध्यमिक शाला राजानवागांव, उच्चतर के स्कूल शामिल है।

### जनगणना प्री-टेस्ट कार्य के लिए चयनित ग्रामों में भवन नंबरीकरण किया जा रहा

**महासमुंद, 27 अक्टूबर ।** आगामी जनगणना की तैयारी के तहत महासमुंद जिले में जनगणना प्री-टेस्ट (पूर्व परीक्षण) कार्य प्रारंभ किया गया है। इस अंतर्गत तहसील महासमुंद के झलप अंचल के 24 ग्रामों का चयन परीक्षण क्षेत्र के रूप में किया गया है। वर्तमान में इन ग्रामों में प्रारंभिक तैयारी के तहत भवन नंबरीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे आगामी जनगणना की प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं सटीक बनाया जा सके। भवन नंबरीकरण कार्य का निरीक्षण जनगणना कार्य निदेशालय, रायपुर से आए अधिकारियों श्री संतोष मेन्ढे एवं श्री बैद्यनाथ कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामों में घर-घर जाकर चल रहे ।

## एक नजर

### जांच में व्यापारियों से पैसा वसूलने की हुई पुष्टि,श्रम निरीक्षक पर निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित

**बलौदाबाजार, 27 अक्टूबर।** महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से पैसा वसूल किये जाने की शिकायत की जांच हेतु गठित जांच समिति की रिपोर्ट में श्रम निरीक्षक द्वारा व्यापारियों से पैसे वसूलने की पुष्टि हुई है और श्रम निरीक्षक के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर श्रम निरीक्षक के विरुद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही हेतु सचिव श्रम विभाग को पत्र प्रेषित किया है। जांच रिपोर्ट में उल्लेखित है कि श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक का आचरण अभद्र था व दुकानदारों के साथ वाद-विवाद की बात भी जांच के दौरान आयी। दीपावली त्यौहार के अवसर पर दुकानों में काफी भीड रहती है और इस दौरान श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के द्वारा जांच में आकर व्यापारियों को डरा-धमकाकर दिवाली खर्चे के नाम पर पैसा की मांग किया गया है।दुकानों में जाकर व्यापारियों से अभद्र व्यवहार करना व अवैध पैसा की मांग करना व प्राप्त करना सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है।

### वन विभाग ने अवैध सागौन लकड़ी परिवहन करते आरोपी को किया गिरफ्तार,एक ट्रैक्टर जब्त

**बलौदाबाजार, 27 अक्टूबर।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार शनिवार को वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत गश्ती दल द्वारा अवैध सागौन लकड़ी परिवहन करते एक ट्रेक्टर को पकड़ा गया और जब्ती की कार्यवाही की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा के अगुवाई में गश्ती दल द्वारा देवरूम वनोपज जांच नाका के समीप एक सोल्ड पावर ट्रैक्टर ट्रॉली (नीला रंग) को विनिर्दिष्ट प्रजाति की सागौन लकड़ी (4 नग, कुल 0.443 घनमीटर) अवैध रूप से परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन में लकड़ी परिवहन संबंधी किसी प्रकार की वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। मौके पर ग्राम आरोपी लवकेश पिता सुमन यादव (आयु 27 वर्ष) एवं भूपेन्द्र पिता भगतराम नायक (आयु 40 वर्ष)दोनों निवासी ग्राम देवरूम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अवैध रूप से सागौन लठ्ठा परिवहन करने के प्रकरण में छत्तीसगढ़ वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम, 1969 की धारा 5(1), 15(2), एवं 16(क) के उल्लंघन पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15679/20 दिनांक 25/10/2025 दर्ज कर जप्ती की कार्यवाही की गई है। बताया गया कि वर्तमान में प्रकरण की विवेचना जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग द्वारा क्षेत्र में गश्ती दलों की निगरानी और कड़ी कर दी गई है ताकि किसी भी प्रकार के अवैध वनोपज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

### वक्ता मंच ने संजीवनी वृध्द आश्रम में मनाई दीपावली

**रायपुर 27 अक्टूबर।** सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा जारी खुशियों वाली दिवाली के क्रम में कल 26 अक्टूबर की रात्रि कोटा स्थित संजीवनी वृद्ध आश्रम में दीपावली मनाई गई । कार्यक्रम में संभाग आयुक्त महादेव कांवरे ने मुख्य अतिथि की आसंदी को सुशोभित किया । उन्होंने वृद्ध माताओं और बुजुर्गों को मिठाई, दीपक, मोमबत्ती, फल सहित अनेक उपहार वितरित किए द्य इस दौरान संभागायुक्त ने सभी बुजुर्गों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम पूछा । उन्होंने सबको दीपावली की शुभकामनाये दी द्य अपने उद्बोधन में कांवरे जी ने कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण कई बुजुर्ग अपने परिवार से अलग वृद्धाश्रम में रहते है द्य ऐसे बुजुर्गों की देखभाल करना हम सबका दायित्व है ताकि वे बेहतर जीवन व्यतीत कर सके । वक्ता मंच के ऐसे आयोजनो से समाज के प्रत्येक वर्ग के मध्य खुशियां बांटने का अवसर प्राप्त होता है द्य उन्होंने आश्रम में निवासरत बुजुर्गों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके अकेलेपन को दूर करने हेतु समुचित प्रयास करने का आश्वासन दिया द्य इस अवसर पर बुजुर्गों ने कहा कि जब कोई उनसे मिलना आता है तो उन्हें खुशी और दुःख दोनों महसूस होते है । लेकिन वे अब खुशी को स्वीकार कर अपना जीवन जी रहे है । इस आश्रम में उनका जीवन यापन व देख भाल अच्छे से हो रहा है तथा वक्ता मंच जैसी संस्थाओं के पहुंचने से उन्हें आत्मिक खुशी मिलती है।



# लक्ष्य छत्तीसगढ़ ने किया यूथ ट्रैकिंग का आयोजन

**डोंगरगढ़ 27 अक्टूबर।**लक्ष्य छत्तीसगढ़ लोधी क्षत्रिय एंप्लाइज एंड इंटेलेक्चुअल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा दो दिवसीय लक्ष्य छत्तीसगढ़ युवा सदस्य सम्मेलन तथा यूथ ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। लोधी छतरी एम्पलाइज एंड इंटेलेक्चुअल संगठन एक सामाजिक शैक्षिक संगठन है जो युवाओं के लिए डोंगरगढ़ लोधी भवन में युवा सदस्यता मिलन समारोह का आयोजन किया इस अवसर पर लक्ष्य छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष चैन दास जंघेल ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के युवा भाग लेते हैं, तथा इस कार्य कार्यक्रम के द्वारा युवाओं में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिकता का विकास होता है। कार्यक्रम का आयोजन लोधी समाज भवन डोंगरगढ़ में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा वैज्ञानिक डॉ.डी के वर्मा सहायक प्राध्यापक दिग्विजय महाविद्यालय,डॉक्टर शैलेंद्र जंघेल आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी परपौड़ी एफ आर वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, पूरन सिंह पटेल राष्ट्रीय महामंत्री मुन्हैं लाल लिलहारे,जीवन कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर लक्ष्य छत्तीसगढ़ द्वारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ वेबसाइट का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा किया गया जिसका निर्माण अभिषेक वर्मा ने किया है लक्ष्य यूथ ट्रैकिंग में कबीरधाम जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई, राजनांदगांव दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिले से लगभग 120 बच्चे तथा गाइड एवं उपस्थित थे। यूथ ट्रैकिंग में श्री जीवन कौशिक, नंदकुमार वर्मा किशोर वर्मा, दानेश्वर लिलहारे राजेश कौशिक श्रीमती बसंती जंघेल,डॉ सावित्री जंघेल,श्वेता वर्मा फ़त्तेलाल चंदेल एवं मनोहर लाल जँघेल उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की कमी दूर करने स्कूलों में होगी वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था

- डीएमएफ मद से से जिले में 453 वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था के लिए प्रक्रिया जारी
- कलेक्टर ने प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने अधिकारियों को दिये निर्देश




**बलौदाबाजार, 27 अक्टूबर।** शिक्षकों की कमी को दूर कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों में वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही हैं। इसके तहत डीएमएफमद से शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु जिले में 453 वैकल्पपिक शिक्षक रखे जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रक्रिया के सम्बन्ध में शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक ली।उन्होंने वैकल्पिक शिक्षकों के लिए निर्धारित मानदण्ड एवं सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि शिक्षकों की कमी को दूर करने यह एक वैकल्पिक व्यवस्था है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। यह व्यवस्था वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए होगा। वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था मानदेय पर स्थानीय शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा निर्धारित योग्यताधारी युवाओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानदेय पर शिक्षको की व्यवस्था से जहाँ विद्यार्थियों को शिक्षक मिलेंगे वहीं गाँव के आस-पास रहने वाले बेरोजगार युवाओं को सेवा का अवसर भी मिलेगा।उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारियो को शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में वैकल्पिक शिक्षकों की व्यवस्था 15 नवम्बर तक पूर्ण कराने तथा आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम हेतु तैयारी के लिए रणनीति बनाने के निर्देश दिये।

बताया गया कि डीएमएफ के तहत वर्तमान शिक्षा सत्र हेतु 49 प्राथमिक शालाओं में 58 शिक्षक,107 माध्यमिक शालाओं में 147 शिक्षक, 40 हाई स्कूल में 70 शिक्षक, 75 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 166 वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही विकासखंडो में कुल 10 कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं जिला कार्यालय में 2कंप्यूटर ऑपरेटर भी रखें जाएंगे। इस तरह कुल 453 वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी। वैकल्पिक शिक्षकों को प्राथमिक शाला हेतु 5000 रुपये, माध्यमिक शाला हेतु 6000 रुपये तथा हाई स्कूल,हायर सेकेण्डरी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर हेतु 7-7 हजार रुपये मानदेय देय होगा। वैकल्पिक शिक्षकों के मानदेय हेतु डीएमएफ मद से लगभग 2 करोड़ रुपये की स्वकृति दी जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन एनआईसी कक्ष में उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### अर्जुनी परिक्षेत्र में गौर का शिकार, वन विभाग ने लापरवाही पर वनरक्षक को किया निलंबित



**बलौदाबाजार, 27 अक्टूबर।** बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत वन्यप्राणी गौर (बायसन) की करेंट लगाकर शिकार करने की घटना में लापरवाही बरतने के कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा वनरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत बिलाड़ी परिसर के संरक्षित वन कक्ष क्रमांक 324 में 25 अक्टूबर को वन्यप्राणी गौर (बायसन) की करेंट लगाकर शिकार करने की घटना के संबंध में वन विभाग द्वारा संदिग्ध आरोपियों से पूछताछ कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। अवैध गतिविधि को रोकने हेतु अपेक्षित सतर्कता एवं निगरानी में लापरवाही बरतने के कारण वनरक्षक प्रेमचंद धृतलहरे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि वन विभाग द्वारा इस प्रकरण की गहन जांच की जा रही है तथा शिकार में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।आसपास के सभी परिसरों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है।साथ ही स्थानीय ग्रामवासियों से भी वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु सतर्क रहने एवं विभाग को तत्काल सूचना देने की अपील की गई है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का नामकरण मिनीमाता जी के नाम पर यथावत रखा जाए : राजेंद्र बंजारे



रायपुर 27 अक्टूबर।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पीसीसी डेलीगेट एवं धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का नामकरण पहले से ही छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और समाजसेवी ममतामयी मिनीमाता जी के नाम पर है। हम मांग करते हैं कि इस नामकरण को यथावत रखा जाए, क्योंकि यह न केवल मिनीमाता जी के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को सम्मानित करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को भी संरक्षित करने का प्रतीक है। मिनीमाता जी ने अपने जीवनकाल में समाज के उत्थान, विशेषकर वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अथक प्रयास किए। उनके नाम पर विधानसभा का नामकरण छत्तीसगढ़ की जनता के लिए गर्व का विषय है और भावी पीढ़ियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा प्रदान करता है। इस मांग के प्रस्तावक, श्री राजेंद्र बंजारे, पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत धरसींवा, ने कहा, मिनीमाता जी का नाम छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास का अभिन्न अंग है। विधानसभा का नामकरण उनके नाम पर यथावत रखना राज्य की पहचान और मूल्यों को और सशक्त करेगा। हमारी मांग है कि इस नाम को किसी भी स्थिति में बदला न जाए। हम छत्तीसगढ़ सरकार और संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करते हैं कि इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए और मिनीमाता जी के सम्मान में नवीन विधानसभा का नामकरण यथावत रखा जाए।

# कसडोल से संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम की शुरुआत,स्वास्थ्य टीम घर-घर जाकर करेगी सर्वे

- सीएमएचओ ने नेत्र रोग सर्वे टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**बलौदाबाजार, 27 अक्टूबर।** जिले में इस वर्ष संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड कसडोल को चुना गया है जिसमें स्वास्थ्य कर्मचारी विकासखंड की 2 लाख 85 हज़ार जनसंख्या का घर-घर सर्वे कर नेत्र रोगों की पहचान करेंगे। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने कसडोल में सर्वे टीम को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के अन्य चार विकासखंडों में पहले ही सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम संपादित किया जा चुका है ऐसे में शेष कसडोल में इस बार किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम अंतर्गत नेत्र सुरक्षा बाबत घर-घर सर्वे के माध्यम से लोगों के नेत्र स्वास्थ्य की जाँच होगी । सर्वे में 8 सेक्टर,43 उपस्वास्थ्य केंद्र और 239 गांवों को कवर किया जाएगा। इसमें दृष्टिहीनता, मोतियाबिंद, कांचियाबिंद,दृष्टिदोष,रेटिनोपैथी,स्वास्थ्य शिक्षा ,नेत्रदान जैसी प्रमुख गतिविधियां किया जाएगा। सर्वे में सर्वप्रथम ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक घरों में जाकर इस बारे में पता लगाएंगे ,चिन्हित व्यक्ति का विवरण पश्चात नेत्र सहायक अधिकारी को दिया जाएगा जो उक्त मरीजों का पुनः परीक्षण करेंगे। किसी प्रकार की सर्जरी की जरूरत होने पर उसकी व्यवस्था भी की जाएगी। मरीजों को चश्मा भी वितरित किया जाएगा।

### मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज की नई कार्यकारिणी गठित,पूनम अध्यक्ष बने



- पूनम तिवारी बने मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज के नये अध्यक्ष नितिन शर्मा कोषाध्यक्ष

**डोंगरगढ़ 27 अक्टूबर।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी मारवाड़ी गौड़ समाज के द्वारा इस वर्ष भी दिवाली मिलन समारोह और अन्नकूट प्रसादी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधिवत भगवान् परशुराम की पूजा अर्चना कर भोग लगा कर प्रसादी वितरण किया गया इसी क्रम मे समाज की नई कार्यकरणी का गठन भी सर्व सम्मति से किया जाना था जिसमे समाज के सभी जनो की सम्मति से समाज के वरिष्ठ लोगो के निर्देश पर पूनम तिवारी गोलू जो की पेशे से वकील है उनको मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और नितिन शर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया।इसी क्रम में उपाध्यक्ष ऋषि शर्मा अमित शर्मा सागर शर्मा राकेश शर्मा हेमंत शर्मा शुभम शर्मा सचिवा महेश पाठक सह सचिव कमल शर्मा विवेक शर्मा रजत देशपांडे को समाज के वरिष्ठ जनो के निर्देश पर समाज के लोगो की सहमति से पदभार दिया गया और मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण समाज को नव नियुक्त कार्यकारिणी से नई दिशा एक नई दिशा प्रदान होगी ऐसी मंगल कामना की गयी।

# मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात



**तिल्दा नेवरा 27 अक्टूबर।** आज प्रधानमत्री मोदी जी ने पूरे देशवासियो के साथ मन की बात की की मंत्री टंक राम वर्मा ने तिल्दा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा महीने के आखिरी रविवार को लगातार मन की बात कार्यक्रम का लाइव उद्बोधन उनके द्वारा किया जाता है जिसमें मोदी जी देश में उत्कृष्ट कार्य कर रहे एवं विभिन् क्षेत्र में समाज सेवा कर रहे लोगों को सम्मान करते हैं उनका हौसला बढ़ाते हैं और आम जन को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए उत्साह वर्धन करते हैं इस बार मोदी जी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जयंती कार्यक्रम पर अपना विशेष बात कही और मन की बात कार्यक्रम के पश्चात मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन से भेद मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी एवं निराकरण करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए तत्पश्चात भाजपा तिल्दा शहर मंडल के नेतृत्व में मोदी जी के नया रायपुर में आगमन होने जा रहा है जिसमें वह मुख्य अतिथि के रूप में 1 नवंबर को राज्यउत्सव रजत महोत्सव में शामिल होंगे उक्त विषय में भी उनके स्वागत की तैयारी पर कार्यकर्ताओं की उपस्तिथि कार्यक्रम में भाग लेने के विषय में विचार विमर्श किया गया उक्त कार्यक्रम ने मुख्य रूप से मंत्री टंक राम वर्मा, अनिल अग्रवाल रायपुर ज़िला पंचायत सांसद प्रतिनिधि, चंद्रकला वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका ,,राम पंजवानी, ईश्वर यदु ,खुमान वर्मा, नरेंद्र शर्मा, बिहारी लाल वर्मा, मनोज निषाद, नर्सिंग वर्मा, टेकराम यादव, दिनेश कुमार साहू ,धर्मेंद्र डहरिया ,अमरजीत पासवान, शाहिद बड़ी संख्या में जिला शहर और ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार चुनावी समर में शामिल होने रायपुर से पटना के लिए हुए रवाना भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव



**रायपुर 27 अक्टूबर।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में अब महज चंद दिन शेष रह गए हैं। प्रदेश की सियासी फिज़ा पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुकी है। तमाम दल अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियां, जनसभाएं और संपर्क अभियान तेज़ कर चुके हैं। इसी क्रम में आज छत्तीसगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी बिहार के चुनावी समर में कूद पड़े हैं। पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 हेतु संगठनात्मक दायित्व सौंपे जाने के पश्चात आज श्री संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, तथा पूर्व विधायक एवं बस्तर संभाग प्रभारी श्री रजनीश सिंह एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव के साथ रायपुर विमानतल से पटना के लिए रवाना हुए। बताया गया है कि आगामी कुछ दिनों तक ये सभी नेता बिहार के विभिन्न जिलों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार और बूथ स्तर पर संगठन सुदृढ़ करने के कार्यों में जुटे रहेंगे। श्री संजय श्रीवास्तव ने प्रस्थान के पूर्व कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा संगठन की मजबूत जमीनी पकड़ के कारण बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनेगी। विकास और सुशासन ही हमारी पहचान है, और जनता एक बार फिर भाजपा पर अपना भरोसा जताएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं में बिहार चुनाव को लेकर विशेष उत्साह है और सभी कार्यकर्ता इसे संगठन की जिम्मेदारी के रूप में देख रहे हैं।

### लाल बहादुर नगर मंडल की बैठक में किया गया फैसला

# राज्योत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे मंडल के कार्यकर्ता



**डोंगरगढ़/लालबहादुरनगर27 अक्टूबर।** 01 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ का 25 वां स्थापना दिवस है, जिसे छत्तीसगढ़ सरकार रजत जयंती के रूप में भव्य मनाने की तैयारी कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन 01 नवंबर को हो रहा है, जिसके कर कमलों से राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और नया रायपुर में छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण भी संपन्न होगा। इसी परिपेक्ष्य में प्रदेश एवं जिला भाजपा अध्यक्ष के निर्देशानुसार लाल बहादुर नगर मंडल का बैठक आहुत किया गया जिसमें मुख्य रूप से बैठक के प्रभारी दिनेश गांधी (वरिष्ठ भाजपा नेता) , प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री भरत वर्मा एवं सहप्रभारी जैन कुमार मेश्राम ( जिला भाजपा मंत्री राजनांदगांव) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

सभी वक्ताओं ने राज्योत्सव कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए निवेदन किया। वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री श्रध्येय अटल बिहारी वाजपेई जी ने किया था और 2003 से 2018 तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार था जिसमें डॉ रमन सिंह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सभी क्षेत्रों में विकास की नया अध्याय लिखा और अभी हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी विकसित छत्तीसगढ़ के विज़न को पुरा करने के लिए प्रयत्नशील है।

लाल बहादुर नगर मंडल के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने अपने वरिष्ठजनों को विश्वास दिलाया कि सभी अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भारी संख्या में राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। आज के बैठक में मुख्य रूप से बैठक प्रभारी श्दिनेश गांधी , सहप्रभारी जैन कुमार मेश्राम , पूर्व प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री देवेन्द्र साहु , जिला मंत्री श्रीमती प्रीति ताम्रकार, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे एवं अनिता मंडावी , जनपद सभापति सुरेश वर्मा एवं थनवार मंडावी, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा एवं उपकार सिंह बघेल,मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा गेड़ाम, श्रीमती गोदावरी निषाद एवं चंद्रप्रकाश देशमुख, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी एवं वेदराम ताम्रकार, मंडल पदाधिकारी भोजराज वर्मा, अशोक वर्मा, देवेन्द्र यादव, श्रीमती चंद्रा सिन्हा, पार्षदगण रमेश यादव, राजेश देवांगन, मृगलाल साहु, मौरध्वज साहु , योगेश साहु, श्रीमती निकीता ताम्रकार, डॉ हनस पटेल, पुनऊ यादव, रामकुमार ठाकुर, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, जसबीर सिंह चौहान, राजकुमार ताम्रकार, खेदू साहु, कुशल दास साहु, देवेन्द्र नंदेश्वर, बंटी साहु, शिव बल्हारे, डॉ महेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, अंबे निषाद, सोमनारायण साहु, जमुना वर्मा, गणेशुराम सिन्हा, गोवर्धन नेताम, चोवाराम वर्मा, गोपाल कंवर, शांता बाई पटेल, चंदर बाई साहू, राधिका बाई, टिकम वर्मा, दिनदयाल वर्मा, किशोर साहु, बहलू किरो, देवेन्द्र सुलाखे, ओमदास लहरे, राकेश टेकाम, शितल साहु, प्रमोद वर्मा, जितेन्द्र रजक, देवारू राम, सुरीत दास वर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कोई बताए तो कार्रवाई करेंगे नहीं तो..


संपादकीय

कोई भी राज्य हो उसका मुखिया चाहता है कि राज्य में भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए, अपराध नहीं होना चाहिए, कम करने के प्रयास गंभीरता से होने चाहिए लेकिन विभाग के अधिकारी नहीं चाहेंगे तो कई स्तरों पर चल रहा भ्रष्टाचार रुक ही नहीं सकता क्योंकि वह जरा भी इच्छुक नहीं होते हैं कि वह खुद पता करे कि कहां पर भ्रष्टाचार हो रहा है, कैसे भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उनकी भ्रष्टाचार के प्रति उदासीनता का आलम यह है कि कोई उनको बताएं कि कैसे भ्रष्टाचार हो रहा है तो वह पता करने नहीं निकलेंगे कैसे भ्रष्टाचार हो रहा है, कहां पर भ्रष्टाचार हो रहा है, अपराध हो रहा है। वह बताने वाले से अपेक्षा करते हैं कि वह बताए कहां पर भ्रष्टाचार हो रहा है, कैसे भ्रष्टाचार हो रहा है, अपराध हो रहा है तब जाकर वह कार्रवाई करेंगे। मीडिया उनको बताता रहता है कि शहर में गांजा बिक रहा है, अवैध शराब बिक रही है। सट्टा चल रहा है। बिजली चोरी हो रही है लेकिन वह पता करने नहीं निकलेंगे की शहर में कहां अवैध शराब बिक रही है, कहां गांजा बिक रहा है, कहां सट्टा पट्टी लिखी जा रही है। कहां बिजली चोरी की जा रही है। वह मीडिया से चाहते हैं कि वह यह भी बताए कि कहां गैरकानूनी काम हो रहा है। शहर में पुलिस है, उसका काम है अपराध रोकना, गैर कानूनी हो रहे कामों को रोकना, मीडिया उनको बताता है तो तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन वह कहते हैं कि आपने यह तो बताया कि ऐसा हो रहा है, यह भी तो बताइए कहां हो रहा है तब हम जाकर वहां पर कार्रवाई करेंगे। मीडिया नहीं बताता है तो वह कार्रवाई भी नहीं करते हैं, इसलिए गलत काम करने वाले गलत काम करते रहते हैं, सरकार को नुकसान होता रहता है। आखिर में उसका खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। मीडिया ने बिजली विभाग को बताया कि शहर में बिजली चोरी कर ई रिक्शा चार्ज कर रहे हैं। कुछ चाय सेंटर व नाश्ता सेंटर वाले ऐसा कर रहे हैं और उसका पैसा भी ले रहे हैं। यानी बिजली सरकार की और पैसा चाय सेंटर व नाश्ता सेंटर वाले कमा रहे हैं। एक दिन में एक जगह पांच से छह ई रिक्शा चार्ज किए जा रहे है, इससे अवैध रूप से ई रिक्शा चार्ज करने वालों को हर माह आठ हजार रुपए की कमाई हो रही है तो इससे विजली विभाग को हर माह एक जगह से आठ हजार रुपए का नुकसान हो रहा है, शहर में पता नहीं कितनी जगह ऐसा किया जा रहा होगा। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी के लिए यह कोई गंभीर बात नहीं है। उनको बताने पर वह बताने वाले को कहते हैं कि आप बताइए कहां कहां पर ऐसा हो रहा है, हम नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। बिजली चोरी का यह तो एक छोटा सा उदाहरण है, इसी तरह बिजली विभाग के कुछ लोगों की मिलीभगत से कई तरह से बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जाती है, बिजली चोरी कराई जाती है। जब बिजली विभाग बड़े पैमाने पर बिजली चोरी नहीं रोकता है, वह छोटे पैमाने पर बिजली रोकने कैसे आफिस से बाहर निकल सकता है। बिजली चोरी से जो नुकसान होता है, कायदे से तो उसकी भरपाई बिजली विभाग से ही की जानी चाहिए कि उसकी अनदेखी व लापरवाही से बिजली चोरी होती है लेकिन बिजली चोरी से बिजली विभाग को जितना नुकसान होता है, उसकी भरपाई वह बिजली के दाम बढ़ाकर आम जनता से कर लेता है। शहर में कुछ लोग बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली चोरी करते हैं और शहर भर के लोगों को उसका खामियाजा महंगी बिजली के रूप में भुगतना पड़ता है। हमारे पीएम व सीएम चाहते हैं कि परिवार का बिजली बिल कम हो, उसे सस्ती बिजली मिले,इसके लिए सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार ने हाफ बिजली योजना का लाभ सभी लोगों को देना बंद कर दिया ताकि राज्य को इससे जो भार पड़ रहा है, वह कम हो सके और लोग सौर ऊर्जा का उपयोग कर मुफ्त बिजली का उपयोग कर सकें। सरकार के बिजली खर्च को कम करने का कोई मतलब तब कहां रह जाता है जब बिजली विभाग ही बिजली चोरी को रोकने के लिए गंभीर नहीं है। इससे तो हर साल बिजली महंगी होती जाती है, लोगों का हर साल बिजली खर्च बढ़ जाता है। इस बिजली खर्च को कम करने के लिए जरूरी है सरकार जिस तरह भ्रष्टाचार को कम करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, उसी तरह हर विभाग को भ्रष्टाचार को रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास करना होगा। भ्रष्टाचार रोकना सीएम व सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, हर विभाग की जिम्मेदारी है।

# जन सुराज : वैकल्पिक राजनीति का नया दर्शन ?

राजनीति

तनवीर जाफ़री



पूरे देश की निगाहें इस समय बिहार विधान सभा के होने जा रहे आम चुनावों पर लगी हुई हैं। इन चुनावों में जहां देश व राज्य के अनेक पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दल चुनाव मैदान में सत्ता अथवा विपक्ष के किसी न किसी गठबंधन के साथ मिलकर बिहार का 'भाग्य बदलने' के नाम पर ख़ुद अपना भाग्य आज़मा रहे हैं वहीँ इस बार के चुनाव में पहली बार 'जन सुराज पार्टी ' नामक एक नया राजनैतिक दल भी बिहार की राजनीति में अपनी ज़ोरदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है।'जन सुराज पार्टी ' जैसे किसी नवगठित दल द्वारा अपने पहले ही चुनाव में राज्य की सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना ही अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। और इससे भी बड़ी बात यह है कि इस पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार शिक्षित,बुद्धिजीवी,पूर्व नौकर शाह,पूर्व आई ए एस,आई पी एस,वैज्ञानिक,गणितज्ञ तथा शिक्षाविद हैं जबकि चुनाव मैदान में कूदे अन्य पारंपरिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों की शिक्षा,उनके आचरण, चरित्र व योग्यता के विषय में कुछ अधिक बताने की ज़रुरत ही नहीं। बहरहाल इस नये नवेले राजनैतिक दल 'जन सुराज पार्टी ' के संस्थापक व अकेले रणनीतिकार व स्टार प्रचारक वही प्रशांत किशोर हैं जो नरेंद्र मोदी व भाजपा से लेकर देश के अधिकांश राजनैतिक दलों व नेताओं के लिये एक पेशेवर के रूप में चुनावी रणनीति तैयार करने के बारे में जाने जाते हैं। पूर्व में वे संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में आठ वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। देश के विभिन्न राजनैतिक दलों को अपनी रणनीति का लोहा मनवाने के बाद मूल रूप से बिहार के ही रहने वाले प्रशांत किशोर ने अपनी योग्यता का प्रयोग सर्वप्रथम अपने ही राज्य के विकास के लिये करने का निर्णय लिया और 2022 में बिहार की जनता को जागरूक करने व उन्हें उनकी व पूरे राज्य की बदहाली के मूल कारणों से अवगत कराने के मक़सद से बिहार में 'जन सुराज अभियान' चलने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद ही उन्होंने राज्य में लगभग 3,000 किलोमीटर की पदयात्रा भी की। इस पदयात्रा के दौरान उन्होंने राज्य की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी 'जन सुराज अभियान' से ही उनके नये राजनैतिक दल का नाम 'जन सुराज पार्टी' निकला। बहरहाल देश के बड़े से बड़े राजनैतिक दिग्गजों के लिये रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर स्वयं अपने लिये कैसी सफल रणनीति बना




रहे हैं उसी का परिणाम है कि उन्हें न केवल 'गोदी मीडिया ' भी पूरी तवज्जोह दे रहा है बल्कि वे सत्ता व विपक्षी महागठबंधन के दाग़दार नेताओं पूर्व की उनकी असफल नीतियों यहाँ तक कि राज्य की बदहाली तक के लिये इसी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व महागठबंधन के दलों को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। राज्य के विकास के लिये प्रशांत किशोर मुफ़्त की रेवड़ियों या शराब बंदी जैसी नीतियों को नहीं बल्कि केवल शिक्षा को ही पहली ज़रुरत मान रहे हैं। राज्य की सभी 243 सीटों के लिये अपने पहले चुनाव में योग्य व शिक्षित प्रत्याशी उतारना बल्कि कई सीटों पर तो अनेक योग्य उम्मीदवारों द्वारा चुनाव लड़ने के लिये एक साथ दावा पेश किया जाना भी प्रशांत किशोर की चुनावी रणनीति की बड़ी सफलता है। वे सोशल मीडिया पर भी अन्य राजनैतिक दलों से अधिक छाये हुये हैं। उन्होंने विभिन्न टीवी चैनल्स व यू ट्यूबर्स को अब तक जितने साक्षात्कार दे डाले हैं उतने तो शायद सत्ता व विपक्ष के नेताओं ने भी अब तक नहीं दिये। वे अपने साक्षात्कार में अपने विरोधी दलों के अनेक नेताओं को बेनक़ाब कर उनकी आपराधिक व शैक्षिक पृष्ठभूमि को उजागर कर रहे हैं। प्रशांत किशोर बड़े ही स्पष्ट अंदाज़ में बिहार की बदहाली व पिछड़ेपन के लिये जहाँ पूर्व की सत्ता व नेताओं को ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीँ राज्य के उन मतदाताओं को भी आइना दिखा रहे हैं जो मुफ़्त के राशन अथवा धर्म जाति के नाम पर वोट कर भ्रष्ट व अयोग्य उम्मीदवारों का चुनाव करती रही है। राजनैतिक विश्लेषक हालांकि बिहार के चुनावी रण में 'जन सुराज पार्टी' के उतरने को लेकर तरह तरह के क़यास लगा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि 'जन सुराज पार्टी' भी असद्दुदीन ओवैसी की ए आई एम आई एम की ही तरह राज्य में वोट काटने वाली पार्टी साबित होगी और इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा। जबकि कुछ का मानना है कि केवल एन डी ए ही नहीं बल्कि जन सुराज पार्टी विपक्षी महागठबंधन को भी नुक़सान पहुंचाएगी। उधर प्रशांत किशोर अपना सीधा मुक़ाबला सत्ता रूढ़ एन डी ए से ही बता रहे हैं परन्तु साथ ही उनका यह भी कहना है कि चुनाव परिणाम ही फ़ैसला करेंगे कि उनकी पार्टी अर्श पर होगी या फ़र्श पर। जबकि राजनैतिक विश्लेषकों का एक वर्ग ऐसा भी है जो 'जन सुराज पार्टी' की तुलना आम आदमी पार्टी से करते हुये इसके वर्तमान तेवर के साथ ही संभावित भविष्य को भी देख रहा है। जो भी हो मगर अपनी योग्यता का लोहा मनवाने के बाद अपने कुशल रणनीतिकार के पेशे को त्यागकर अपनी ही कमाई गयी पूँजी को दांव पर लगाकर बिहार व बिहार वासियों के भविष्य की चिंता में राज्य की गली गली में धूल मिट्टी व कीचड़ में घूमकर राज्य की ख़ुशहाली की बातें करना वह भी बिना किसी धर्म जाति व समुदाय की बात किये हुये तथा बिना मुफ़्त की रेवड़ी की लालच दिये, अपने आप में ही बड़ी बात है। वह भी उस बिहार राज्य में जोकि ग़रीबी के साथ साथ अपनी जातिवादी राजनीति के लिये भी प्रसिद्ध हो ? इसमें कोई शक नहीं कि देश को शिक्षित,ज्ञानवान,राष्ट्र हितकारी,धर्म व सम्प्रदाय व जाति से ऊपर उठकर सोचने वाले तथा स्वच्छ छवि रखने वाले नेताओं की ज़रुरत है। आज यदि कोई अनपढ़,अज्ञानी व साम्प्रदायिकतावादी व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बन जाये कोई अपराधी व्यक्ति देश का गृह मंत्री या मुख्य मंत्री बन जाये अशिक्षित व्यक्ति शिक्षा मंत्री बन जाये कोई लुच्चा,लफ़ंगा,बलात्कारी,गैंगस्टर हमारा जनप्रतिनिधि बन जाये तो इससे बढ़कर शर्मिन्दिगी व वैश्विक स्तर पर बदनामी की बात हमारे देश के लिये और क्या हो सकती है ? यदि भारतीय राजनीति का वातविक चेहरा इतना भयावह व दाग़दार न होता तो केंद्रीय विद्युत व ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को पिछले दिनों अपनी ही पार्टी भाजपा के प्रत्याशी व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व मोकामा से जेडीयू की ओर से एनडीए उम्मीदवार व बाहुबली नेता अनंत सिंह का नाम लेते हुये राज्य की जनता के नाम यह वीडिओ सन्देश जारी न करना पड़ता जिसमें उन्होंने दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मतदाताओं से अपील की थी कि -'अपराधी या भ्रष्टाचार के आरोपी सम्राट चौधरी व अनंत सिंह जैसे उम्मीदवारों को वोट न दें, भले ही वे किसी की जाति के हों।' उन्होंने इसी सन्देश में यह सुझाव भी दिया कि यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हैं, तो NOTA दबाएं। आर.के. सिंह ने यहां तक कहा कि ऐसे उम्मीदवार को वोट देने का अर्थ है "चुल्लू भर पानी में डूब मरना"। इसीलिये रसातल में जा रही राजनीति के वर्तमान दौर में यह सोचना पड़ रहा है कि जन सुराज पार्टी क्या वैकल्पिक राजनीति का नया 'दर्शन' साबित हो सकेगा ?

## सू- दोकू क्र.210

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.209 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -210


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 209 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है, लेकिन आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा, फिर भी आप अपने कामों को मजबूती से करने में डटे रहेंगे। संतान के भविष्य को लेकर कुछ चिंताएं सता सकती है, जिसके लिए आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट भी करने की सोचेंगे। आपका कोई परिजन आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है। आपकी किसी बात को लेकर अपने पिताजी से अनबन होने की संभावना है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी से चल रही अनबन भी दूर होगी और दोनों एक दूसरे के करीब आएंगे। आप कहीं बाहर भी घूमने-फिरने जा सकते हैं, लेकिन आपको माता-पिता की भावनाओं का भी सम्मान करना होगा, इसलिए उनसे कोई ऐसी बात ना बोले, जो उन्हें बुरी लगे। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें, नहीं तो वह आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। संतान की पढ़ाई-लिखाई में कोई समस्या खड़ी हो सकती है, जिसको लेकर आप उनके गुरुजनों से सलाह मशवरा अवश्य करें। आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं, नहीं तो आपका धन डूब सकता है।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप आय से ज्यादा खर्च करेंगे, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएंगे। दोस्तों और सहकर्मियों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी आय को बढ़ाने पर पूरा ध्यान दें। आपको अत्यधिक मेहनत करके ही अपने कामों को करना होगा। किसी दूसरे पर डिपेंड रहने से वह लटक सकते हैं। आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आप किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। बिजनेस के कामों में कोई बदलाव सोच समझ कर करें।

**सिंह** आज आपको लेन देन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतनी होगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी पूजा पाठ का आयोजन अपने घर में कर सकते हैं। आप कुछ कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे, जिसे पूरा करने में आपको अपने भाइयों से मदद लेनी होगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है। आपको बाहर के खाने-पीने से थोड़ा परहेज रखना बेहतर रहेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी आय बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप अपने खर्च भी आसानी से कर पाएंगे। परिवार में भी शांति भरा माहौल रहेगा। आपके बॉस को आपके दिए गये सुझाव आपको पसंद आएंगे, लेकिन आज पड़ोस में कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो आपको समस्या देगी, इसलिए आप चुप रहे तो ही बेहतर रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कामों को निपटने की कोशिश करें। आपको किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई फैसला बहुत ही सोच समझकर लेना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप किसी प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं। आपका कोई विरोधी आपको बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा। आप किसी की बातों पर जल्दी भरोसा ना करें।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। राजनीति में आपको एक नई पहचान मिलेगी और किसी सम्मान से भी नवाजा जा सकता है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा कर अवश्य करेंगे। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि कोई समस्या होगी, तो उसे आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे।

**धनु** आज आपकी आय बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें, नहीं तो आने वाले समय में उन्हें अत्यधिक मेहनत करनी होगी। आज आपको आपने किसी मित्र की याद सता सकती है। किसी बात को लेकर यदि कोई मतभेद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका सरकारी काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे और आप अपने अटके हुए धन को भी निकलने की पूरी कोशिश करेंगे। आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चले, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ चीज लेकर आ सकते हैं। बिजनेस में भी आपको अच्छे बेनिफिट मिलेंगे। कोई इंवेस्टमेंट आप किसी एक्सपर्ट की राय से करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। राजनीति में आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपकी शौक-मौज की चीजों में इजाफा होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपके सामने प्रॉपर्टी को लेकर नए-नए प्लान आएंगे, जो आपको अच्छा लाभ देंगे। भाई-बहनों का भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा और आप घर बाहर के कामों में तालमेल बनाकर चलना होगा। पार्टनरशिप में कोई काम करने की प्लानिंग कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : 25 वर्षों की गौरवशाली कृषि यात्रा'

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों का उत्सव रजत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर हर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, ऊर्जा और ग्राम्य विकास के साथ-साथ कृषि क्षेत्र ने भी इन वर्षों में अद्भुत प्रगति की है। कृषि विभाग कोरबा की यह 25 वर्ष की यात्रा किसानों की मेहनत, सरकारी नीतियों की सफलता और आधुनिक तकनीकों के समन्वय की जीवंत कहानी है। वर्ष 2000 में जब छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश से अलग होकर नया राज्य बना, तब कृषि क्षेत्र पारंपरिक स्वरूप में था, लेकिन आज 2025 में यह आत्मनिर्भर और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित क्षेत्र बन चुका है।

**'आत्मनिर्भर कृषि, किसानों की मेहनत और योजनाओं का सफल संगम'**-राज्य के गठन के बाद कोरबा जिले ने कृषि उत्पादन, क्षेत्र विस्तार, बीज और उर्वरक वितरण के साथ-साथ तकनीकी नवाचार में भी निरंतर प्रगति दर्ज की है। 25 वर्षों की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ के किसान अब केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता के प्रतीक बन चुके हैं। वर्ष 2000 में कोरबा जिले में खरीफ फसलों का कुल क्षेत्र 01 लाख 33 हजार 880 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़कर 01 लाख 37 हजार 066 हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार रबी फसलों के अंतर्गत क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में कुल रबी क्षेत्र 14 हजार 780 हेक्टेयर था, जो अब 40 हजार 368 हेक्टेयर तक पहुँच चुका है। यह वृद्धि केवल आँकड़ों में नहीं, बल्कि यह इस बात का संकेत है कि जिले के किसान अब पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हुए हैं। वर्ष 2000 में खरीफ के अंतर्गत अनाज का क्षेत्रफल 02 हजार 096 हेक्टेयर था, जो अब 03 हजार 664 हेक्टेयर तक पहुँच गया है। दलहन फसलों का क्षेत्र भी 04 हजार 535 हेक्टेयर से बढ़कर 07 हजार 581 हेक्टेयर हुआ है, जबकि तिलहन फसलों का क्षेत्र 06 हजार 068 हेक्टेयर से बढ़कर 09 हजार 608 हेक्टेयर हो गया है। सब्जी एवं अन्य फसलों की बात करें तो यह विस्तार सबसे उल्लेखनीय रहा है वर्ष 2000 में 02 हजार 081 हेक्टेयर क्षेत्र में सब्जियाँ बोई जाती थीं, जो अब बढ़कर 19 हजार 515 हेक्टेयर हो गई हैं। यह आँकड़े बताते हैं कि जिले के किसान अब नकदी फसलों, सब्जी उत्पादन और विविध खेती की दिशा में सशक्त रूप से आगे बढ़े हैं। खेती में उत्पादकता बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता को कोरबा कृषि विभाग ने प्राथमिकता दी। वर्ष 2000 में खरीफ सीजन में किसानों को 2,501.25 क्विंटल बीज वितरित किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह आँकड़ा बढ़कर 39,404.34 क्विंटल हो गया है। इसी प्रकार रबी सीजन में वर्ष 2000 के 482.5 क्विंटल की तुलना में वर्ष 2025 में 01हजार 994.27 क्विंटल बीज किसानों को प्रदान किए गए हैं। कुल मिलाकर वर्ष 2000 में जहाँ 02 हजार 983.75 क्विंटल बीज वितरित किए गए थे, वहीं वर्ष 2025 में यह बढ़कर 41 हजार 398.61 क्विंटल तक पहुँच गया है। यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है कि किसानों में गुणवत्तापूर्ण बीजों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है और कृषि विभाग ने इस दिशा में सतत प्रयास किए हैं। खेती की उत्पादकता को बढ़ाने में रासायनिक उर्वरकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। कोरबा जिले में उर्वरक वितरण में पिछले 25 वर्षों में लगभग चार गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2000 में खरीफ सीजन में 04 हजार 173 टन उर्वरक किसानों को उपलब्ध कराए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में यह मात्रा बढ़कर 16 हजार 778.73 टन हो गई है। रबी सीजन में वर्ष 2000 के 479 टन की तुलना में अब 570.55 टन उर्वरक वितरित किए जा रहे हैं। इस प्रकार कुल उर्वरक वितरण वर्ष 2000 के 04हजार 652 टन से बढ़कर अब 17 हजार 349.28 टन हो गया है। यह आंकड़े न केवल कृषि में उर्वरक उपयोग की दक्षता को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि कोरबा जिले के किसान अब वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हैं। पिछले दो दशकों में कोरबा जिले में कृषि का स्वरूप पूरी तरह से बदल गया है। पहले जहाँ कृषि केवल जीविकोपार्जन का साधन थी, वहीं अब यह एक लाभदायक व्यवसाय बन चुकी है। फसल विविधीकरण, सिंचाई के साधनों का विस्तार, जैविक खेती, और आधुनिक तकनीक के उपयोग ने जिले की कृषि को मजबूती दी है। कृषि विज्ञान केंद्र और आत्मा परियोजना के माध्यम से किसानों को निरंतर प्रशिक्षण और परामर्श प्रदान किया जा रहा है। मिट्टी परीक्षण, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी पहलों ने किसानों को जोखिम से बचाने और उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला स्व-सहायता समूहों ने भी कृषि क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। इन समूहों ने जैविक खाद निर्माण, सब्जी उत्पादन और बीज प्रसंस्करण जैसे कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिली है और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता में भी वृद्धि हुई है। युवाओं को कृषि में नवाचार और



उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया गया है। कृषि आधारित स्टार्टअप, ड्रिप सिंचाई, फसल प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में युवाओं ने नई संभावनाएँ खोली हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के इस पावन अवसर पर कोरबा का कृषि विभाग अपनी इन उपलब्धियों पर गर्व करता है। यह यात्रा केवल विभागीय योजनाओं की नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, तकनीकी जागरूकता और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की साझी सफलता की कहानी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनाने की दिशा में जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उनका प्रत्यक्ष प्रभाव कोरबा की धरती पर देखा जा सकता है। यदि संकल्प और समर्पण साथ हों, तो परिवर्तन निश्चित होता है। यह यात्रा केवल खेतों की हरियाली तक सीमित नहीं, बल्कि यह किसानों के चेहरों पर आई मुस्कान, आत्मनिर्भरता की भावना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक है।

## एक नजर

### समझाने के बावजूद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम के दोनों शवों का कर दिया दाह संस्कार

**बीजापुर,27 अक्टूबर।** जिले के नेलाकांकेर में नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने शुक्रवार देर रात दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। शनिवार को दोनों ग्रामीणों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस को नक्सल प्रभावित और सड़क विहीन क्षेत्र होने के कारण जवानों को घटनास्थल नेलाकांकेर तक पहुंचने में शाम हो गई। पुलिस के समझाने के बावजूद परिजनों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से इंकार कर दिया और गांव में ही दोनों का दाह संस्कार कर दिया। दरअसल शुक्रवार देर रात नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने गांव के दो ग्रामीणों की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। मृतकों की पहचान तिरुपति सोड़ी और रवि कट्टम के रूप में हुई है। दोनों आपस में मामा-भांजे और पड़ोसी थे। बताया जा रहा है कि वारदात के समय गांव में दहशत फैलाने के उद्देश्य से नक्सली घरों के बाहर पहुंचे और दोनों को निशाना बनाया। विदित हो कि घटनास्थल नेलाकांकेर गांव नक्सलियों की पामेड़ एरिया कमेटी के अंतर्गत आता है। दक्षिण बस्तर का यह इलाका अभी भी नक्सलियों की सक्रियता वाला क्षेत्र है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली पुलिस से जुड़े परिवारों या पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवकों को निशाना बनाकर दहशत फैलाना चाहते हैं। मृतक तिरुपति सोड़ी का भाई सीआरपीएफ में जवान है। इस मामले में हत्या की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, पुलिस कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन, बदलाव की एक सशक्त पहल

**जगदलपुर 27 अक्टूबर।** पूना मार्गम : पुनर्वास के माध्यम से पुनर्जीवन पहल के तहत एक और निर्णायक और महत्वपूर्ण कार्य आज, 26 अक्टूबर 2025 को बस्तर रेंज के कांकेर ज़िले में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। कुल 21 माओवादी कैडरों ने, जिनके पास 18 हथियार थे, समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसमर्पण किया है। ये सभी केशकल डिवीजन (नॉर्थ सब ज़ोनल ब्यूरो) के कुएमारी / किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित हैं, जिनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश भी शामिल हैं। इन 21 कैडरों में 04 डीवीसीएम (डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर), 09 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 08 पार्टी सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में 13 महिला कैडर और 08 पुरुष कैडर हैं, जिन्होंने सशस्त्र और हिंसक विचारधारा से स्वयं को अलग कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपनाया है। इन माओवादी कैडरों द्वारा जमा किए गए हथियारों में 03 एके-47 रायफलें, 04 एसएलआर रायफलें, 02 इंसास रायफलें, 06 संख्या में .303 रायफलें, 02 सिंगल शॉट रायफलें और 01 बीजीएल हथियार शामिल हैं। इन 21 कैडरों के समाज में पुनर्वास और पुनर्समावेशन के लिए आवश्यक विधिक प्रक्रिया जारी है।

### कई नक्सली आत्मसमर्पण को तैयार हैं, लेकिन संगठन के प्रतिशोध से डर रहे

**जगदलपुर, 25 अक्टूबर।** नक्सली संगठन के केंद्रिय समिति के नक्सली नेता सोनू ने आत्मसमर्पण किया फिर नक्सलियों के हार्डकोर कमांडर रुपेश ने हथियार डाले। लगातार बड़े नक्सलियों के आत्मसमर्पण से नक्सली गुटों में खलबली मची हुई है। सरकार अपनी सफलता पर खुश है, वहीं बचे-खुचे हथियार बंद नक्सली अपने साथियों के आत्मसमर्पण से दहशत और गुस्से में हैं। नक्सली संगठन की सेंट्रल कमेटी ने इस कदम को गद्दारी करार देते हुए बयान जारी किया, जिसके बाद हमें सीपीआई (माओवादी) के आत्मसमर्पित केंद्रीय समिति सदस्य रूपेश उर्फ सतीश द्वारा जारी एक वीडियो बयान प्राप्त हुआ है। अपने इस बयान में रूपेश ने दंडकारण्य विशेष क्षेत्रीय समिति के नॉर्थ सब-ज़ोनल ब्यूरो के माओवादी कैडरों के सामूहिक आत्मसमर्पण के निर्णय की प्रक्रिया और उसके पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख किया है। आत्मसमर्पित नक्सली लीडर रुपेश ने खुलासा किया कि कई नक्सली आज भी आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, लेकिन संगठन के भय और प्रतिशोध की आशंका से पीछे हट जाते हैं। शासन से हमारी अपील है कि जो साथी अब भी जंगल में हैं, उन्हें विश्वास दिलाया जाए कि सरकार उन्हें सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन देगी। आत्मसमर्पित रूपेश उर्फ सतीश द्वारा जारी वीडियो बयान के संदेश से यह स्पष्ट होता है कि 210 साथियों के साथ हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय अधिकांश माओवादी कैडरों का एक सामूहिक और सोच-समझकर लिया गया फैसला था।

घाट को भव्य तरीके से सजा कर छठ पर्व भक्तिभाव से मनाया जा रहा,

# अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती आज देंगे अर्घ्य





**दंतेवाड़ा 27 अक्टूबर।** सूर्योपासना का महापर्व छठ नगर में भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। डंकनी नदी घाट पर आज शाम छठव्रती महिलाओं द्वारा भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व के मद्देनजर डंकनी नदी घाट की साफ सफाई कर टेंट लगए जा रहे है। घाट के तट पर बने चौरा मण्डप को भी सुंदर ढंग से सजाया गया है। इसी घाट पर पूजा अर्चना कर सूर्य देवता को आज शाम अर्घ्य दिया जाएगा। छठ पर्व को लेकर भोजपुरी-मैथिली समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि सूर्य षष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह पर्व बिहार व उत्तरप्रदेश में मुख्य रूप से मनाया जाता है। वहां के लोगों के लिए छठ किसी महापर्व से कम नहीं होता। बदलते समय के साथ अन्य प्रदेशों में भी लोगों ने भगवान सूर्य के उपासना के इस पर्व की महत्ता को समझा और छठ पर्व पूरे विधि विधान से मनाना शुरू कर दिया। छठ पर्व चार दिवसीय होता है। व्रतधारी खरना से व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। यह पर्व सूर्य देवता की उपासना का पर्व है। छठ पर्व की कई मान्यताएं हैं महिलाएं ज्यादातर छठ पर्व पर व्रत रखती है और ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने से महिलाओं को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है और साथ ही घर परिवार में हमेशा सुख शांति एवं समृद्धि होती है । दीपावली से ठीक छठवें दिन मनाये जाने वाले छठ पर्व पर लोग तीन दिनों तक निर्जला व्रत रखते हैं और भगवान सूर्य की उपासना करते हैं। इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। खरना के बाद आज शाम व्रतधारी शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे उसके अगले दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सूर्य षष्ठी के दिन महिलाएं निराहार व्रत रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र प्राप्ति की कामना करती है। व्रत का प्रथम दिन षंकष्ठी गणेश चतुर्थी के साथ प्रारंभ होता है । महिलाएं नदी में स्नान करने के उपरांत सात्विक भोजन ग्रहण करती है जिसमें चना दाल एवं लौकी का भोजन मुख्य है। पर्व का दूसरा दिन पंचमी को लोहंडा-खरना के नाम से जाना जाता है इस दिन महिलाएं प्रातः काल से निर्जला व्रत रहती है शाम के समय घर पर बनाई गई देबी पर सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। गुड के समिश्रण से खीर तैयार की जाती है जिसे सूर्य भगवान को अर्पित कर प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाता है। व्रत का तीसरा दिन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह सूर्य षष्ठी तिथि होती है। सूर्य षष्ठी पर व्रतधारी महिलाएं प्रातः काल से ही निर्जला व्रत रखकर संध्या में नदी अथवा तालाब के तट पर भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। आज छठ पर्व का तीसरा दिन है। नगर में छठ पर्व के अवसर पर डंकनी नदी घाट पर व्रतधारियों द्वारा सुंदर मंडप बनाया गया है। जहां छठव्रती आज शाम अस्तगलचामी सूर्य अर्थात अस्त होते सूर्यदेव को अर्घ्य देंगे। अगली सुबह उपदयीमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा जिसके बाद चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जाएगा।

### बंगाल की खाड़ी में उठ रहे तूफान से बस्तर संभाग में होगी तेज बारिश, अलर्ट जारी

**जगदलपुर, 27 अक्टूबर।** दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर नया चक्रवाती सिस्टम सक्रिय हो गया है। इससे 27 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में तेजी आने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार यह सिस्टम दो दिनों में गंभीर साइक्लोनिक तूफान का रूप ले सकता है, जो 28 अक्टूबर की रात तक आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के अनुसार खाड़ी में बना डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 26 अक्टूबर तक गहरे डिप्रेशन और 27 तारीख की सुबह तक साइक्लोनिक तूफान में तब्दील हो सकता है। यह 28 अक्टूबर की रात काकीनाडा से कलिंगपट्टनम के बीच तटीय आंध्र प्रदेश को पार कर सकता है। इस दौरान 90 से 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने बताया कि तूफान का सीधा असर छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में दिखाई देगा। इसके असर से 27 अक्टूबर से हल्की से मध्यम बारिश, 28 अक्टूबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश जबकि 29 अक्टूबर को भारी से अतिभारी बाशिर की संभावना है।

## एनएमडीसी कर्मी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शव के पास से पुलिस को मिली 2 पन्ने की सुसाईड नोट**

**किरंदुल 27 अक्टूबर।** लौह नगरी किरंदुल में गुरुवार दिनांक 23 अक्टूबर को एनएमडीसी परियोजना के विधुत विभाग डिपाजिट -14 क्रासिंग प्लांट में कार्यरत पी गणेश्वर राव उम्र 56 वर्ष अपने निवास एनएमडीसी क्वार्टर चीता कालोनी किरंदुल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कमरे में शव को लटकते देख घर वालो ने पड़ोसीयो की मदद से घटना की सूचना किरंदुल पुलिस थाने में दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करवाया और आगे की प्राथमिक जांच शुरू कर दी है।



स्वः पी, गणेश्वर राव ने आत्महत्या से पुर्व एक सुसाइड नोट लिखा था जिसे पुलिस द्वारा मौके से जब्त किया गया है विशेष सुत्रो से मिल रहीं जानकारी के मुताबिक स्वः पी गणेश्वर राव ने कुछ स्थानीय ब्याज खोरों से ब्याज पर पैसा उधार लिया था जिसे वो समय पर लौटा नहीं पा रहे थे जिसके चलते ब्याज खोर रसूखदारों ने उन्हें काफी मानसिक प्रताड़ना दे रहें थे जिसके चलते उन्होंने ऐसा कदम उठाया होगा सूत्रों से मील रहीं जानकारियां सुसाइड नोट में कुछ ऐसे ब्याज खोरों के नाम भी हैं जिन्होंने स्वः पी, गणेश्वर राव को कुछ दिनों पुर्व ही एनएमडीसी से मिले एरियस राशी अनुमानित 05 लाख एवं 04 सोने के सिक्के लुट लिए हैं जिस्से प्रताड़ित अपमानित एवं हताश होकर ही मृतक ने आत्महत्या जैसे कदम उठाया होगा।

> दो पन्नों का सुसाइड नोट पी, गणेश्वर राव के पास से बरामद हुआ है जिसकी फोरेंसिक जांच होना बचा हैं जाँच के उपरांत ही तथ्य व आत्महत्या के कारण का खुलासा हो सकेगी।
>
> **किरंदुल थाना प्रभारी संजय यादव**

## रथयात्रा के दिन किरंदुल में हुई चोरी के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा



**पुलिस ने आरोपी को 4 सोने के सिक्कों और 1सोने के चेन सहित किया गिरफ्तार**

**किरन्दुल 27 अक्टूबर।** लौहनगरी किरन्दुल में रथयात्रा के दिन हुए सोने के सिक्के और जेवरात चोरी के मामले की पुलिस ने खुलासा किया है पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर 4 सोने के सिक्के और एक सोने की चैन बरामद की है। आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक 35/2025 धारा 305(ए) 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं आर. के. बर्मन के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई।

थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर नियुक्त किए गए। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति एनएमडीसी से प्रदत्त सिक्के बेचने का प्रयास कर रहा है सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने संदिग्ध व्यक्ति किशन सोना उर्फ क्राइम (21 वर्ष), पिता जौवन कुमार सोना, निवासी रेलवे कॉलोनी, दंतेवाड़ा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रथयात्रा के दिन किरन्दुल में सोने के सिक्के और जेवरात चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी से चार नग सोने के सिक्के (01 नग 20 ग्राम, 01 नग 10 ग्राम, 02 नग 05 ग्राम) और एक सोने की चैन बरामद की गई। बरामद सामान जब्त करते हुए आरोपी को 23 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब घटना में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक लीलाराम गंगबेर, प्रधान आरक्षक हरि सिन्हा, आरक्षक धनंजय गंजीर, सुभाष प्रसाद, देवलाल सिदार और विक्रांत साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंझारपारा अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

**बचेली 27 अक्टूबर।** पुलिस ने 15 अक्टूबर को ग्राम बहेनार मंझारपारा में हुए अंधे कत्ल का सफल समाधान किया। घटना में झोपड़ी में सो रहे राजू कर्मा की लोहे के पटासी से हत्या की गई थी। इस मामले में आरोपी पोदिया कर्मा पिता स्व. देवा कर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी बहेनार मंझारपारा को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण यह है कि 14 अक्टूबर को गांव में खाने-पीने का त्यौहार आयोजित किया गया था। 15 अक्टूबर की प्रातः काल 04:00 बजे प्रार्थिया रामबती कर्मा ने अपने पति राजू कर्मा को खाट के नीचे खून बहते हुए पाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि रात 00:30 बजे से 04:00 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति ने धारदार वस्तु से वार कर हत्या की थी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक, दंतेवाड़ा गौरव राय के दिशा-निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना बचेली पुलिस टीम ने आरोपी की पतासाजी शुरू की जांच के दौरान ग्रामीणों, परिजनों और संदिग्धों से पूछताछ की गई। रवीवार दिनांक 26अक्टूबर को आरोपी पोदिया कर्मा को बहेनार मंझारपारा में घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार की। आरोपी के घर से लोहे का पटासी कार्यवाही में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव, थाना प्रभारी बचेली के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर, ज्योति बंजारे, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक गजेन्द्र ध्रुव और डमरूधर कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।



छठ विशेष

## भक्ति,अध्यात्म व आस्था का महापर्व है छठ

**संतोष चौहान**

**दंतेवाड़ा 27 अक्टूबर।** देश भर में सूर्य उपासना का पर्व छठ कार्तिक शुक्ल की षष्ठी तिथि को बड़े ही श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। सूर्योपासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। छठ पर्व वर्ष में दो बार चैत्र एवं कार्तिक मास में मनाया जाता है। चैत्र माह में मनाये जाने वाले छठ को चैती छठवा तथा कार्तिक माह में मनाए जाने वाले छठ पर्व को कार्तिक छठ के नाम से जाना जाता है। पारिवारिक सुख समृद्धि तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए मनाये जाने वाले सूर्योपासना के इस पर्व के प्रति लोगों की आस्था देश में लगातार बढ़ती ही जा रही है। इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सदियों से गंगा नदी व अन्य सरोवरों में कतारबद्ध खड़े होकर सभी जाति व धर्मो के लोग अपने आराध्य देव सूर्य भगवान की आराधना करते हैं। यह पर्व बड़ा फलदायी होता है। इसे स्त्री व पुरूष दोनों समान रूप से मनाते हैं। इस पर्व के बारे में मान्यता यह भी है कि जिस स्त्री पुरूष ने इस पर्व को पूरी आस्था, भावना एवं धार्मिक रिति रिवाज के साथ किया उन्हें भगवान सूर्य ने शीघ्र ही मनवांछित फल प्रदान किया है। छठ व्रत मनाये जाने के पीछे वेद पुराणों में अनगिनत कहानियॉ प्रचलित है। भविष्यत पुराण के अनुसार इस व्रत को सबसे पहले नागकन्या ने किया था व इस नागकन्या से सुनकर सुकन्या ने च्यवन ऋषि के नेत्र को लौटाया था। एक कथा अनुसार जब पाण्डव अपना सारा राजपाठ जुए में हार गए तब द्रोपति ने छठ व्रत रखा तब उसकी मनोकामनाएं पूरी हुई। तथा पाण्डवों को राजपाठ वापस मिल गया। लोक परंपरा अनुसार सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई बहन का है। लोकमात्र का षष्ठी की पहली पूजा सूर्य ने ही की थी। छठ पर्व की परंपरा में बहुत ही गहरा विज्ञान छिपा हुआ है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा दंतेवाड़ा जिले में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आज सोमवर 27 अक्टूबर को षष्ठी तिथि को डंकनी नदी घाट पर सैकड़ों छठव्रती डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य देंगे। पर्व को लेकर उत्तर भारतीयों में खासा उत्साह का वातावरण है। डंकनी नदी घाट की सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। दीपावली के छठे दिन से शुरू होने वाला छठ पर्व चार दिनों तक चलता है। इन चारों दिन श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना करके वर्षभर, स्वस्थ्य और निरोगी होने की कामना करते हैं। चार दिनों के इस पर्व के पहले दिन घर की साफ सफाई की जाती है। पहला दिन कार्तिक शुक्ल चतुर्थी नहाय खाय के रूप में मनाया जाता है। सबसे पहले घर की सफाई कर उसे पवित्र बना लिया जाता है। छठ व्रतधारी लगातार 3 दिनों का निर्जला व्रत रखते हैं और वे पानी भी ग्रहण नहीं करते। इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठव्रती स्नान कर पवित्र तरीके से बने शुद्ध शाकाहारी भोजन ग्रहण कर व्रत की शुरूआत करते हैं। घर के सभी सदस्य व्रती के भोजनोपरांत ही भोजन ग्रहण करते हैं। पहले दिन चतुर्थी तिथि को छठव्रती भोजन के रूप में कददू की सब्जी और चावल ग्रहण किया जाता है। दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पंचमी को व्रतधारी दिन भर का उपवास रखने के बाद शाम को भोजन ग्रहण करते हैं। इसे खरना कहा जाता है। खरना का प्रसाद लेने के लिए आसपास के सभी लोगों को निमंत्रित किया जाता है। प्रसाद के रूप में गन्ने के रस में बने हुए चावल की खीर के साथ दूध, चावल का पिटठा और घी चूपडी रोटी बनाई जाती है। इसमें नमक या चीनी का उपयोग नहीं किया जाता है। इस दौरान पूरे घर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। प्रसाद के रूप में ठेकुआ, जिसे कुछ क्षेत्रों में टिकरी भी कहते हैं, के अलावा चावल के लडडू, जिसे लडूआ भी कहा जाता है बनाते हैं। इसके अलावा चढावा के रूप लाया गया सांचा और फल भी छठ प्रसाद के रूप में शामिल होता है। शाम को पूरी तैयारी और व्यवस्था कर बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है और व्रति के साथ परिवार तथा पडोस के सारे लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने घाट की ओर चल पड़ते हैं। सभी छठव्रती एक नीयत तालाब या नदी किनारे इकटठा होकर सामूहिक रूप से अर्घ्य दान संपन्न करते हैं। सूर्य को जल और दूध का अर्घ्य दिया जाता है। तथा छठी मैया की प्रसाद भरे सूप से पूजा की जाती है। व्रतधारी महिला पुरूष नदी किनारे जाकर नदी से मिट्टी निकालकर छठ माता का चौरा बनाते हैं वहीं पर पूजा का सारा सामान रखकर नारियल चढ़ाते हैं और दीप जलाते हैं। उसके बाद टखने भर पानी में जाकर खड़े होते हैं और सूर्य देव की पूजा के लिए सूप में सारा सामान लेकर पानी से अर्घ्य देते हैं और पांच बार परिक्रमा करते हैं। सूर्यास्त होने के बाद सारा सामान लेकर साहर गाते हुए घर आ जाते हैं और देवकारी में रख देते हैं। रात को पूजा करते हैं। इस दौरान कुछ घंटे के लिए मेले का दृश्य बन जाता है। चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है व्रती वही पुनः इकटठा होते हैं। जहां उन्होंने शाम को अर्घ्य दिया था। पुनः पिछले शाम की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति होती है। अंत में व्रति कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोडा प्रसाद खाकर व्रत का परायण करते हैं। इस प्रकार चार दिनों तक चलने वाला सूर्योपासना का महापर्व छठ संपन्न होता है।

### प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 17 नवंबर को, सीएम विष्णुदेव साय होंगे शामिल

**कोंडागांव, 27 अक्टूबर।** मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज का प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 17 नवंबर को आयोजित किया जाएगा । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। इस आयोजन को लेकर समाज के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधायक लता उसेंडी की उपस्थिति विशेष रही। उनके माध्यम से समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर कार्यक्रम के लिए तिथि निर्धारित करवाई । गौरतलब है कि यह कार्यक्रम पूर्व में 16 अक्टूबर को होना प्रस्तावित था, किंतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बिहार चुनाव प्रचार अभियान में व्यस्त रहने के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। समाज द्वारा बताया गया कि बूढ़ादेव महोत्सव का आयोजन समाज की प्राचीन परंपरा, रूढ़िप्रथा, संस्कृति, संस्कार और प्रकृति पूजा की धरोहर को संजोने के लिए किया जाता है । बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष, छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज प्रदीप कुलदीप, अध्यक्ष, अंदकुरी गाड़ा समाज समन्वय समिति सुशील दर्रा, जिलाध्यक्ष युवा एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ ओमप्रकाश मांडवी, वीरेंद्र बघेल, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. किरण बघेल, रोशन बघेल मौजूद रहे।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में कुटुमसर गुफा के समीप एक नई ग्रीन गुफा की हुई खोज

**जगदलपुर,27 अक्टूबर।** बस्तर जिले के कांगेर घाटी में स्थित विश्व विख्यात कुटुमसर गुफा के समीप एक नई गुफा ग्रीन गुफा की खोज की गई है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि ग्रीन गुफा को आगामी 1 जनवरी से पर्यटकों के लिए खोलने की योजना है। वन विभाग ने इसकी तकनीकी मंजूरी के लिए आवेदन कर दिया है। ग्रीन गुफा की संरचना कुटुमसर गुफा से मिलती जुलती है, जिसकी छत जो 60 से 80 फीट उंची है, गुफा के भीतर स्टेलाईट चट्टानें मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि ग्रीन गुफा में लाईकेन की मौजूदगी जो अन्य गुफाओं से अलग है, क्योंकि यहां प्राकृतिक रंग और बनावट अपने आप में एक अनोखा दृश्य है। नवीन कुमार ने आज रविवार को बताया कि छत्तीसगढ़ का बस्तर



अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है। एक नई खोज ने बस्तर की सुंदरता को बढ़ा दिया है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, जो पहले से ही कुटुमसर और कैलाश गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है, वहां नई ग्रीन गुफा की खोज हुई है। यह गुफा, कुटुमसर गुफा से मात्र 10 किमी की दूर पर स्थित है और वन विभाग की टीम ने इसके रहस्यमयी गलियारों में 200 मीटर तक की यात्रा कर ली है। ग्रीन गुफा का नाम इसके अनोखे हरे रंग के कारण पड़ा है। गुफा के कई हिस्सों और स्टैलेक्टाइट्स पर लाइकेन की परत चढ़ी हुई है, जो इसे एक चमकदार हरा रंग प्रदान करती है। लाइकेन एक प्रकार का सहजीवी जीव है, जो पेड़ों की छाल, चट्टानों और अन्य सतहों पर पाया जाता है।

**48 लाख के कार्य में से 30 लाख का हो चुका है ठेकेदार को भुगतान**

## स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल चितालूर की पूरी दीवार नहीं बनाई

**दंतेवाड़ा 27 अक्टूबर।** ट्रायवल विभाग में एक के बाद एक भर्राशाही निकलकर सामने आ रहा है। बगैर टेंडर कराए 45 निर्माण कार्य चहेते ठेकेदारों को दिए जाने का मामला अभी चल रही रहा है कि ज्ञात हुआ है कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा कराए गए एक और कार्य में भर्राशाही का मामला सामने आया है। ठेकेदार द्वारा स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल चितालूर में आधा अधूरा निर्माण कार्य कर साल भर से छोड़ दिया गया है जबकि 65 फीसदी राशि आहरण भी हो चुका है।

गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 में आदिवासी विकास विभाग से चितालूर स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम स्कूल आश्रम के चारों ओर बाउण्ड्रीवाल, गेट एवं कमरों में रेनोवेशन कार्य किया जाना था। कार्य का ठेका तामो कंस्ट्रक्शन



को मिला था। काम तो हुआ है मगर आधा अधूरा। आश्रम के तीन हिस्से में बाउण्ड्रीवाल एवं गेट का निर्माण किया गया है वहीं पीछे की साईड बाउण्ड्रीवाल नहीं बनाया है पीछे के हिस्से को छोड़ दिया गया है छुटे हुए हिस्से को फिलहाल तारबाड़ी लगाकर घेराबंदी की गई है। आए दिन गाय, बैल, सुअर, बकरी इत्यादि जानवर तारबाड़ी को तोड़कर अंदर घुस जाते हैं। जिस तरफ बाउण्ड्रीवाल नहीं बना है उसी पीछे साईड में बच्चों का मध्यान्ह भोजन बनता है। ऐसे में बाउण्ड्रीवाल नहीं होने से आए दिन जानवर अंदर घुस आते हैं जिससे भोजन बनाने के काम में बाधा आती है। इतने बड़े आश्रम में पक्का रसोईघर तक नहीं बना है त्रिपाल से घेराबंदी कर रसोईया भोजन पकाते हैं। बाउण्ड्रीवाल आधा बनाकर छोड़ने से आश्रम में रहकर अध्ययन करने वाली छात्राओं में भय बना रहता है। आश्रम की छात्राएं अपने को असुरक्षित महसूस करती हैं। आश्रम के पीछे की तरफ बाउण्ड्रीवाल नहीं होने से कोई भी असामाजिक तत्व आसानी से आश्रम परिसर में घुसपैठ कर सकता है। ऐसे में छात्राओं की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। पंचायत के सरपंच सहदेव नाग का कहना है कि इस तरह से आधा अधूरा काम करके छोड़ना ठीक नहीं है। छात्राओं का आश्रम है ऐसे में कभी भी कोई पीछे साईड से अंदर घुस सकता है। समय रहते बाउण्ड्रीवाल कार्य को पूर्ण करना चाहिए। श्री नाग ने कहा कि बाउण्ड्रीवाल के उपर भी कंटीला तार लगाने का काम किया जाना था उसे भी नहीं किया गया है। इस संबंध में निर्माण एजेंसी को पंचायत से पत्र भेजकर जवाब मांगा जाएगा।

आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बाउण्ड्रीवाल निर्माण के लिए 19 लाख 8 हजार, रेनोवेशन कार्य के लिए 26 लाख 78 हजार एवं गेट निर्माण के लिए 2 लाख 38 हजार की राशि स्वीकृत थी। कार्य के लिए कुल राशि 48 लाख 24 हजार स्वीकृत था। जिसमें ठेकेदार को अब तक करीब दो किश्तों में भुगतान हुआ है जिसमें पहले किश्त में 19 लाख 29 हजार का चेक 01 जुलाई 2023 को दिया गया है वहीं दुसरा किश्त 11 लाख 9 हजार 980 रूपए का चेक इसी वर्ष 04 फरवरी 2025 को ठेकेदार को दिया गया है। इस प्रकार करीब 30 लाख रूपए के करीब भुगतान ठेकेदार को दिया जा चुका है। अधुरा कार्य छोड़ने एवं कार्य पूर्ण नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस भी भेजे जाने की बात लिपिक द्वारा बतायी गई है। साल बीतने को है कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इस मामले में कोई भी जिम्मेदार पर्सन गंभीर नजर नहीं आता।

### रेंगालपाली सर्किल में अवैध लड़की चिराई की सूचना पर

# वन अमले ने आरा मिल मशीन व अवैध लकड़ी जब्त की

**रायगढ़,27 अक्टूबर।** जिले के रेंगालपाली सर्किल में फर्जी आरा मिल का संचालन किया जा रहा था। एक युवक अपने घर में लकड़ियों की अवैध चिराई कर रहा था। सूचना मिलने पर वन अमले ने मौके पर दबिश देकर मशीन को उखाडकर जब्त कर लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिकए शनिवार रात वन विभाग को सूचना मिली कि रेंगालपाली सर्किल के ग्राम बरपाली के डीपापारा में फर्जी आरा मिल चल रही है। सूचना मिलते ही उडऩ्दस्ता समेत वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। वहां पर अलग-अलग प्रजातियों की लकड़ियां चिराई के लिए रखी हुई मिलीं। आरा मिल संचालक जगदीश बसंत से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गयाए



लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका और टालमटोल करने लगा। इससे स्पष्ट हुआ कि आरा मिल फर्जी तरीके से संचालित की जा रही थी।

### मशीन को उखाड़कर जब्त किया

वन अमले ने लकड़ी चिराई की मशीन को उखाड़ जब्त कर लिया है। मौके से विभिन्न प्रजातियों की लकडियां भी बरामद की गई जिनका मूल्यांकन किया जाएगा। फिलहालए आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

### जांच की जा रही है. रेंजर

रेंजर हेमलाल जयसवाल ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल जांच की गई। मौके पर आरा मिल से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। लकड़ियां भी बरामद की गई हैं।

### मातर धूमधाम से मनाया

**अवरी,27 अक्टूबर।** ग्राम अंवरी मे मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया यादव समाज के द्वारा अखाड़ा का कार्यक्रम रखा गया था सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाल कर गांव को भ्रमण किया गया एवं कार्यक्रम में साहड़ा देव की विशेष पूजा की गई एवं कुमडा ढुलाई का रस्म निभाया गया जिसके पश्चात सिधौरीकल का अखाड़ा प्रदर्शन किया गया साथ मे यदुवंशी महिलाओ द्वारा दोहा पार कर राउत नाचा किया गया साथ में कई प्रकार के कार्यक्रम किया गया जैसे रस्सी खीच, मटका फोड एवं प्रसादी वितरण किया गया। श्रीचंद यादव, मूलचंद यादव, सालिक यादव, जगदेव यादव, लिलाराम यादव, जगत यादव, पवन यादव, प्रेमलाल यादव, कुमान यादव, कली यादव, हिराउ यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे7

# गेल इंडिया कपंनी के जीएम की संदिग्ध मौत



सुबह होटल ट्रिनिटी के कमरा नंबर 606 में मिली लाश

**रायगढ़,27 अक्टूबर।** गेल कंपनी का जीएम विगत कई दिनों से शहर के होटल ट्रिनिटी में रुका थाए जिसकी आज संदिग्ध हालत में मौत हो गई हैए घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के सिविल लाइन निवासी तेजकुमार बड़ा पिता बेंजामिन बड़ा 57 वर्ष गेल इंडिया रायपुर में जीएम के पद पर कार्यरत थाए रायगढ़ में गैस पाईप लाइन का काम चलने के कारण कंपनी द्वारा होटल ट्रिनिटी में आफिस खोला गया है और छठवें मंजिल पर इनके रुकने के लिए कमरे हैं। ऐसे में तेजकुमार बड़ा अपने स्टाफ के साथ दीपावली के बाद रायगढ़ में आकर रुका था और यहीं से चल रहे काम का देख.रेख करता था। रविवार को सुबह जब उसकी पत्नी फोन की तो फोन रिसिव नहीं हुआए इससे होटल के रिसेप्शन में फोन कर बोली कि तेजकुमार से बात कराने के लिए लेकिन जब स्टाफ उसके कमरे तक पहुंचे तो दरवाजा अंदर से लॉक थाए इससे कंपनी के अन्य कर्मचारियों के साथ सुबह करीब 9 बजे मास्टर.की से दरवाजा खोला गया तो तेजकुमार पर्स पर गिरा पड़ा थाए इससे आनन.फानन में पुलिस को सूचना देते हुए उसे उपचार के लिए जिंदल फोर्टिस अस्पताल ले जाया गयाए जहां डाक्टरों ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही पुलिस का कहना है कि अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मर्ग जांच उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### पुलिस आगे की जांच में जुटी

मामले की जानकारी परिजनों को दी गई और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। शुरुआती जांच में संभावना जताई जा रही है कि तेज कुमार की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई हो सकती है। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## एक नजर

### जांजगीर-चांपा में पटवारियों पर जुआ खेलते पकड़े जाने की कार्रवाई, 8 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा, 27 अक्टूबर ।** कोतवाली पुलिस ने देर रात रमन नगर में दबिश देकर एक मकान के भीतर जुआ खेल रहे 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए आरोपियों में राजस्व विभाग के कई कर्मचारी शामिल हैं। इनमें पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सार्वे समेत 6 पटवारी और एक निजी ऑपरेटर शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि यह जुआ रवि राठौर के घर में चल रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 40,200 रुपये नकद, 52 ताश की पत्तियां, 6 मोबाइल फोन, दो कार, दो स्कूटी और अन्य सामग्री जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है और पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

### जंगल में महिला का मिला शव, करंट तार की चपेट में आने से मौत की आशंका

**रायगढ़, 27 अक्टूबर ।** जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में एक महिला का शव जंगल में औंधे मुंह पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की मौत शिकारियों द्वारा लगाए गए करंट तार की चपेट में आने से हुई है। पुलिस ने मौके से करंट तार और अन्य सामान जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जिवरी गांव की 41 वर्षीय घसनिन मांझी गुरुवार को घर से बाहर निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। शनिवार को कुछ ग्रामीण जब जंगल की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने महिला का शव देखा और इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक साक्ष्यों से प्रतीत होता है कि महिला करंट लगे तारों की चपेट में आई, जो संभवतः जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए गए थे। मामले की जांच जारी है।

### प्रकृति और सुंदर झरनों का आनंद लेने एक बार प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानीदाह का भ्रमण जरूर करें

**जशपुरनगर 27 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की हरी-भरी पहाड़ियों और घने साल के जंगलों के बीच स्थित रानीदाह जलप्रपात जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता का एक अद्भुत प्रतीक है। यह झरना जशपुर नगर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। खूबसूरत सड़कों से होकर जब कोई इस स्थल तक पहुँचता है, तो सामने फैली हरियाली, चट्टानों से गिरता दूधिया जल और पक्षियों की आवाज़ें मिलकर एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बरसात के मौसम में रानीदाह अपने पूरे वैभव पर होती है, जब पानी कई धाराओं में बँटकर ऊँची चट्टानों से नीचे गिरता है। गर्मी के मौसम में जल प्रवाह भले थोड़ा कम हो जाए, लेकिन आसपास की प्राकृतिक शांति और वातावरण का सौंदर्य हमेशा समान रूप से मनमोहक रहता है। रानीदाह जलप्रपात केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी लोककथाओं और रहस्यमयी कहानियों के कारण भी प्रसिद्ध है।

# कम धान खरीदना पड़े इसलिए देर से धान खरीदी शुरू कर रही सरकार:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग शासन से की है। उन्होंने कहा कि अर्ली वेरायटी के फसलों की कटाई शुरू हो चुकी है। किसान खेतों से धान की कटाई कर रहे हैं। अनेक किसानों के पास उपज रखने की व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों, आंगन व गलियों में धान रखकर रखवाली करने विवश हो रहे हैं। उपर से बारिश का खतरा भी मंडरा रहा है। ऐसे में किसानों को फसल की सुरक्षा को लेकर चिंतित होना पड़ रहा है। अनेक किसान तो फसलों को औने-पौने दाम पर दुकानों में व बिचौलियों को बेच रहे हैं। 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने पर अर्ली वेरायटी के फसलों की अच्छी कीमत किसानों को मिल सकेगी।

श्री चंद्राकर ने भाजपा की सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जब से राज्य बना है तब से 1 नवंबर से ही धान खरीदी की जाती है। पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने भी पूरे 5 साल 1 नवंबर को ही धान खरीदी की। लेकिन, वर्तमान साय सरकार जान-बूझकर 15 दिन देर से धान खरीदी करने बात कह रही है। ताकि, कम धान खरीदना पड़े। पिछले वर्ष भी सरकार की लेट लतीफी के कारण 9 हजार किसान धान बेचने से वंचित हो गए थे। इस बार भी सरकार यही प्रक्रिया अपना रही है ताकि, पुनः हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाए। भाजपा की सरकार ने शुरू से किसान विरोधी नीति अपनाकर किसानों को परेशान करने का काम किया। खरीफ



सीजन शुरू होने से पूर्व ना ही किसानों को यूरिया उपलब्ध कराई और ना ही डीएपी। व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी दुकानों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया गया। 260 का यूरिया मजबूरी में हजार से 12 सौ रूपए प्रति बोरी खरीदने की विवशता सामने आई। डीएपी का भी यही हाल रहा। पूरे सीजन भर किसानों को कहीं भी डीएपी उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं, व्यापारियों को कालाबाजारी करने का खुलेआम छूट भाजपा ने दी। जैसे - तैसे किसान फसल तैयार कर कटाई कर रहे हैं। तब भंडारण की समस्या सामने आ रही है। मजबूर होकर गाँवों में किराना दुकानों तथा कोचियों को 15 से 17 सौ रू. प्रति क्विंटल में धान बेच रहे हैं।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि समितियों में धान खरीदी की तैयारी भी शुरू नहीं हो पाई है, बारदानों की क्या स्थिति है, इससे सरकार को कोई सरोकार नहीं दिख रहे। सहकारी समिति के कर्मचारी भी चरणबद्ध आंदोलन करने की बात कह रहे हैं। ऐसी स्थिति में केवल किसानों को ही अपनी उपज बेचने परेशान होना पड़ेगा। मजबूरी में औने-पौने दाम में कोचियों को धान बेचेंगे तथा बाद में वही कोचिए उसी धान को अधिक दाम समर्थन मूल्य पर बेचकर लाभ उठाएंगे। यह सरकार केवल उद्योगपतियों, व्यापारियों व कालाबाजारी में शामिल लोगों को संरक्षण देने का कार्य कर रही है। किसानों की समस्या से यदि सरकार को सरोकार होता तो 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की दिशा में अब तक कार्य हो जाता।

# करेंट से महिला की मौत के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

### गैर इरादतन हत्या के अपराध में भेजा रिमांड पर

**रायगढ़,27 अक्टूबर।** ग्राम जिवरी में एक महिला की करंट लगने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गैर इरादतन हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम जिवरी निवासी सुनऊ मांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी पत्नी घसनीन मांझी 21 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे गांव के ही राजकुमार मांझी के साथ घर से निकली थी और रात में वापस नहीं लौटीए इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही थी। इस दौरान 25 अक्टूबर को घसनीन मांझी का शव ग्राम जिवरी बकियानार में दिलीप अग्रवाल के खेत के पास बिजली के करंट से झुलसा हुआ पाया गया। साथ ही मौके से जीण्आईण् तार और बांस का डंडा भी जब्त कर पोस्टमार्टम कराने पर रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसकी मौत बिजली करंट से हुई है। ऐसे में पुलिस द्वारा पतासाजी करने पर जानकारी मिली कि गांव के लोगों ने जंगली सुअर का शिकार करने के लिए खेत से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार से हुकिंग कर जीआई तार बिछाए थे। जिसके संपर्क में आने से



महिला की मौत हुई है। इससे पुलिस ने धारा 105ए 3;5द्ध बीएनएसण् के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

इनकी हुई गिरफ्तारी-गिरफ्तार किए गए आरोपियों में किर्तन मांझी पिता स्वण् घांसीराम मांझी 40 वर्ष बलीराम मांझी पिता फागुलाल मांझी 45 वर्ष तथा राजेश राठिया पिता गंगाराम राठिया ;28 वर्षद्ध निवासी ग्राम जिवरीए थाना पूंजीपथराए को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्राए एसआई विजय एक्काए एएसआई जयराम सिदार एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही।

### वृद्धाश्रम की व्यवस्था देखने पहुंचे कलेक्टर डॉ कन्नौजे

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 27 अक्टूबर ।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे रविवार को सुबह 11 बजे सारंगढ़ में इसी माह से संचालित आशा निकेतन वृद्धाश्रम की व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने वृद्धाश्रम में प्रवेश करके सभी वृद्धजनों से बारी-बारी उनके घर परिवार की स्थिति, बच्चों की जानकारी, उनके घर गांव का पता, वृद्धाश्रम में नाश्ता, भोजन की व्यवस्था, स्वास्थ्य, दवा आदि के बारे में पूछकर उनके बारे में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने अपना परिचय दिया। कलेक्टर को अपने बीच एक माह में दो बार उनके साथ समय बिताने पर वृद्धजनों ने आत्मीय खुशी जाहिर की और उनके व्यवस्था पर आत्म संतुष्टि प्रकट किया।

कलेक्टर ने वृद्धाश्रम के रसोई में भोजन व्यवस्था, राशन, साफ सफाई, दाल सब्जी आदि के भंडारण का अवलोकन किया। इस अवसर पर सभी वृद्धजनों को कलेक्टर ने मिठाई वितरण किया।

# जिले से 323 श्रद्धालु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत हुए प्रयागराज काशी रवाना

**महासमुंद, 27 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले के पांचों विकासखंडों से आज कुल 323 श्रद्धालु 18 बसों के माध्यम से पवित्र तीर्थस्थलों – प्रयागराज, हनुमानगढ़ एवं काशी विश्वनाथ – के दर्शन हेतु रवाना हुए। यह पांच दिवसीय यात्रा 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित की गई है। रवाना होने के पूर्व सभी श्रद्धालुओं का मेडिकल चेक अप कराया गया।इस अवसर पर महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने ध्वज दिखाकर श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवी चंद राठी, श्री येतराम साहू, श्री पवन पटेल, श्री महेंद्र सिक्का, श्री राजू चंद्राकर, श्री माखन पटेल, श्री मीना वर्मा, श्री रिंकू चंद्राकर, श्री शरद मराठा, श्री राकेश चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।विधायक श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा आरंभ की गई थी, किंतु पूर्ववर्ती सरकार के पांच वर्ष के कार्यकाल में यह योजना बंद रही। वर्तमान में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इस जनकल्याणकारी योजना को पुनः प्रारंभ किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं को फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य है कि योजना अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के श्रद्धालु तीर्थ यात्रा के पात्र हैं। यदि पति-पत्नी साथ यात्रा करना चाहें तो उनमें से एक को आयु सीमा में छूट दी जाती है। योजना के तहत प्रत्येक माह पात्र श्रद्धालुओं को शासन द्वारा निर्धारित तीर्थस्थलों का निःशुल्क दर्शन कराया जाएगा। यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है । यात्रा के दौरान आवागमन, ठहरने एवं भोजन की सभी व्यवस्थाओं का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाता है। इससे वरिष्ठ नागरिकों को न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त होगा, बल्कि समाज और संस्कृति से उनका आत्मिक जुड़ाव भी सुदृढ़ होगा।महासमुंद जनपद से 52, बागबाहरा से 47, पिथौरा से 50, बसना से 40, सरायपाली से 43, नगरपालिका महासमुंद से 50, बागबाहरा से 6, सरायपाली से 15, तुमगांव से 6, पिथौरा से 6 तथा नगर पंचायत बसना से 5 श्रद्धालु शामिल हैं। इनके साथ कुल 9 अनुरक्षक भी यात्रा पर गए हैं। इस तीर्थ यात्रा से श्रद्धालुओं में उत्साह एवं श्रद्धा का भाव देखा गया। श्रद्धालु सुखिया ध्रुव,मचेवा, दुलारी साहू, बागबाहरा से फौज सिंह और ठाकुर दीवान,पिथोरा की रेखा प्रधान सहित सभी श्रद्धालुओं ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इस जनकल्याणकारी योजना को जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं मोदी की मन की बात

**धमतरी, 27 अक्टूबर ।** रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों देशवासियों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। इसी अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने ग्राम श्यामतराई के बूथ क्रमांक 224 एवं बूथ क्रमांक 225 में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के साथ साहू समाज सामुदायिक भवन में मोदी जी की मन की बात को सुनें। इस अवसर पर यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश के विकास, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, आपरेशन सिंदूर, एक पेड़ मां के नाम, और जनभागीदारी से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए साथ ही छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में प्लास्टिक कचरा साफ करने मिनिशपल कार्पोरेशन द्वारा कार्बेट कैफै के माध्यम से चलाए जा रहे प्लास्टिक कचरा लाओं भर पेट भोजन खाओं का विशेष रुप से चर्चा किए। कार्यक्रम के पश्चात श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आज देश नयी ऊँचाइयों को छू रहा है। 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देशवासियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव का सेतु है। मोदी जी ने हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का जो संदेश दिया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। हमें भी अपने गांव, अपने बूथ और अपने समाज में सेवा, सद्भाव और विकास के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मुख्य लक्ष्य जनसेवा और संगठन को मजबूत करना है। ग्राम स्तर पर जनता की भागीदारी ही सशक्त भारत का आधार बनेगी। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी समय में संगठनात्मक गतिविधियों में और अधिक सक्रिय रहने का आह्वान किया। मोदी जी की मन की बात सुनने मुख्य रूप से बुथ अध्यक्ष खेमलाल साहू, बुथ अध्यक्ष हेमचंद साहू, सरपंच डोमेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच उमेश साहू, द्वारका प्रसाद साहू, बालक राम साहू, खिलावन साहू, टीकाराम साहू, शत्रुघ्न साहू, दिनेश साहू, अनिल साहू, हेमन्त पाले, श्याम पाले सहित अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से मधु कंवर की जिंदगी बदल गई

**धमतरी, 27 अक्टूबर ।** कभी दूसरों के खेतों में मजदूरी करने वाली सारंगपुरी पंचायत की मधु कंवर आज पूरे क्षेत्र में लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। मेहनत, संघर्ष और शासन की योजनाओं के सहयोग ने उनके जीवन में नई रोशनी भर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ह्र्र्र्र) से जुड़कर मधु ने अपनी जिंदगी की दिशा ही बदल दी।

### डिजिटल इंडिया की ग्रामीण मिसाल

मधु कंवर आज अपने गांव में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) का संचालन कर रही हैं, जहाँ ग्रामीणों को आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, बिजली बिल भुगतान, आधार कार्ड, श्रम कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी ई-गवर्नेंस सेवाएं रियायती दरों पर मिल रही हैं।इससे उन्हें प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये की स्थायी आमदनी हो रही है और आसपास के कई गांवों के लोग अब सरकारी सेवाओं का लाभ गांव में ही पा रहे हैं।

### संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक

मधु बताती हैं कभी परिवार की हालत इतनी खराब थी कि बच्चों की पढ़ाई तक मुश्किल हो गई थी। लेकिन आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद आत्मविश्वास और दिशा दोनों मिले।जय माँ कर्मा महिला स्व-सहायता समूह से जुड़कर मधु ने धान खरीदी-बिक्री, मशरूम उत्पादन और छोटे स्वरोजगारों के जरिए अपनी आमदनी बढ़ाई। फिर समूह के माध्यम से लोन लेकर उन्होंने घर में ही कॉमन सर्विस सेंटर शुरू किया, जो आज उनकी पहचान बन गया है।

### महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं मधु

मधु और उनके समूह की महिलाएं अब मोमबत्ती निर्माण, केक बनाना, मछली पालन, मशरूम उत्पादन और बैंक सखी जैसे कार्यों से भी जुड़ी हैं। इन गतिविधियों से न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हुई है।

### शासन की योजनाओं से निखर रही हैं ग्रामीण प्रतिभाएं

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मधु कंवर जैसी महिलाएं आज यह साबित कर रही हैं कि अवसर और मार्गदर्शन मिले तो गांव की महिलाएं भी अपने दम पर सफलता की नई कहानियाँ लिख सकती हैं।

### बीएसपी के खिलाफ चक्काजाम करने पर तीन सरपंचों समेत 200 पर एफआईआर

**बालोद, 27 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में ग्रामीणों का बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा है। महामाया, कलवर और धुलकी माइंस में रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने 16 अक्टूबर से आंदोलन शुरू किया था, जो 11वें दिन भी जारी है। ग्रामीण महामाया स्कूल क्रमांक 2 के पास चक्काजाम कर बैठे हैं, जिससे बीएसपी की खदानों तक ट्रकों की आवाजाही ठप हो गई है और कंपनी को करोड़ों का नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस बीच बीएसपी प्रबंधन ने नुकसान और अवरोध के मामले में 200 से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई है।

# हम सब मिलकर पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करें : टंकराम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 27 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के रजत जयंती पर जिला कृषि कार्यालय द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण सारंगढ़ में नेशनल मिशन आन इंडिबल आयल योजना अंतर्गत ''तिलहन कृषक मेला सह सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे। मुख्य अतिथि के साथ अन्य विशिष्ट अतिथियों ने समारोह स्थल पर सजे कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्यपालन के स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मंत्री वर्मा ने हितग्राहियों, स्व सहायता समूह के महिला सदस्यों, स्टॉल में विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से उनके उत्पाद के संबंध में जानकारी लिए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत और देश के किसान को उन्नतशील कृषक बनाना चाहते हैं। इसके लिए हम सब किसान दलहन तिलहन के क्षेत्र में उत्पादन करेंगे तो हमारे देश को दूसरे देशों से आयात नहीं करना पड़ेगा, इससे देश का रूपया बाहर नहीं जाएगा। पीएम मोदी चाहते हैं कि हमारा देश आत्मनिर्भर बने। इस सपने को साकार करने के लिए दलहन तिलहन का उत्पादन हमारी मदद करेगा। नेशनल मिशन आन इंडिबल आयल योजना से दलहन तिलहन के उत्पादन को बढ़ाएं और खाद्य तेल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें। कृषि तकनीक में केन्द्र और राज्य सरकार अनुदान दे रही है उसका सभी किसान लाभ लें। जब कभी कृषि अधिकारी मृदा प्रशिक्षण का शिविर लगाएं तो उसमें सभी किसान भाग लें। उस प्रशिक्षण का लाभ लें। कीटनाशक डालते समय सावधानी से कार्य करें ताकि कोई दुखद घटना न घटे।

जिला प्रभारी सह उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेरा सभी किसानों से आग्रह है कि यहां की मिट्टी तिलहन फसल के लिए उपयुक्त है। कृषक देश की रीढ़ हैं। किसान कृषि विभाग एवं कृषि अधिकारियों से फसल के नई तकनीक के बारे में जानकारी लें और फसल उत्पादन में बढ़ोत्तरी के लिए नई तकनीक को अपनाएं। हम सब मिलकर पीएम मोदी के मिशन 2047 को पूरा करने में अपने देश को विकसित भारत बनाने में मदद करें। तिलहन फसल को नगदी फसल कहते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने अपने किए घोषणाओं को लगभग पूरा कर लिया है। भूमिहीन किसानों को 10 हजार दे रही है। कार्यक्रम को जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सभा को संबोधित किया।इस अवसर पर किसानों एवं हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी किसानों एवं आगंतुकों ने वहां सामूहिक दोपहर भोज किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. तोषी गुप्ता और डॉ. रामभूषण तिवारी ने किया।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, उपाध्यक्ष अजय नायक, सदस्य भूषण जांगड़े, शिवकुमारी साहू, अभिलाषा नायक, सांसद प्रतिनिधि अरूण गुडडू, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, कामदा जोल्हे, सत्ताधारी दल के जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, पूर्व अध्यक्ष सुभाष जालान, भुवन मिश्रा, दुर्गा ठाकुर, मनोज जायसवाल, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, मत्स्य अधिकारी एन पी ओगरे, उद्यानिकी अधिकारी आकांक्षा उपाध्याय, पशुधन से डॉ सुनील जोल्हे आदि उपस्थित थे।

# 21 नक्सलियों के हथियार त्यागने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा हर्ष जताया

**मोहला 27 अक्टूबर ।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिसमें उन्होंने बताया कि बस्तर रेंज में आने वाले केशकल डिवीजन (नॉर्थ सब ज़ोनल ब्यूरो) के कुंएमारी एवं किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित 21 सशस्त्र नक्सलियों ने आज हथियार और हिंसा का मार्ग छोड़कर सम्मानपूर्वक पुनर्वास कर मुख्यधारा में जुड़ने का मार्ग चुना है, जो बहुत हर्ष का विषय है। जिनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश भी शामिल हैं। पुनर्वास करने वाले 21 माओवादी कैडर में 13 महिला कैडर और 08 पुरुष कैडर शामिल हैं। इन माओवादी कैडरों द्वारा 18 हथियारों को समर्पित किया गया है, जिसमें 03 एके-47 रायफल, 04 एसएलआर रायफल, 02 इंसास रायफल, 06 संख्या में .303 रायफल, 02 सिंगल शॉट रायफल और 01 बीजीएल हथियार शामिल हैं। पुनर्वास करने वालों में 04 डीवीसीएम (डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर), 09 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 08 पार्टी सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बनाई गई रणनीति एवं संवेदनशील पुर्नवास नीति का परिणाम है कि हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं, पूर्व में 210 माओवादियों ने पुनर्वास का मार्ग चुना था और लगातार आज 21 ने शस्त्र त्यागे हैं। सम्मानपूर्वक शस्त्र त्यागकर पुनर्वास करने वालों का शासन लाल कालीन बिछाकर स्वागत करने को तैयार है।

### ससुराल वालों से परेशान जवान ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की

**बलरामपुर, 27 अक्टूबर ।** जिले के ग्राम कुंदी कला निवासी सीआरपीएफ जवान राजाराम प्रजापति ने अपनी पत्नी, सास-ससुर और अन्य ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जवान ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उनसे लगातार पैसों की मांग की जाती है और इनकार करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। राजाराम प्रजापति जम्मू-कश्मीर के लाल चौक में तैनात सीआरपीएफ की 132वीं बटालियन में पदस्थ हैं। प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उन्हें अम्बिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राजाराम वर्ष 2021 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और उनका ससुराल बलरामपुर जिले के ग्राम अधौरा में है। वीडियो में उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह ससुराल वाले पैसों के लिए दबाव डालते हैं और धमकाते हैं। इस मामले की जांच मणिपुर थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

## एक नजर

### छठ मइया की उपासना सूर्य आराधना और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा आस्था, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व है, जो सूर्यदेव और छठ मइया की उपासना के माध्यम से मानव और प्रकृति के मधुर संबंध का संदेश देता है।ुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छठ पर्व का प्रत्येक अनुष्ठान ङ्क अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने से लेकर उदीयमान सूर्य की आराधना तक ङ्क जीवन में अनुशासन, संयम और स्वच्छता के महत्व को दर्शाता है। यह पर्व समाज में सामूहिकता, पवित्रता और पारिवारिक एकता की भावना को सशक्त बनाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि इस अवसर पर सूर्योपासना के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जलस्त्रोतों की स्वच्छता और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लें।

### दूधाधारी मठ में हुई भगवान सूर्य की पूजा

**रायपुर 27 अक्टूबर।** श्री दूधाधारी मठ में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाला भगवान सूर्य नारायण की पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अन्नकूट के पश्चात जो प्रथम रविवार आता है उस दिन श्री दूधाधारी मठ में भगवान सूर्य नारायण को पूजा अर्चना कर अर्घ देने की परंपरा है। इसके लिए कुएं के ऊपर पाठ बिछाकर बड़ी थाली में जल रखकर उसमें भगवान सूर्यनारायण की परछाई को अर्ध प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में मठ मंदिर की सभी पुजारी, विद्यार्थी,कर्मचारी, एवं संत महात्मा गण सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि यह पूजन का कार्यक्रम वर्ष में एक बार आयोजित होता है।

### रेलवे स्टेशनों में अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर 27 अक्टूबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल में विशेष अभियान 5.0 के तहत अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शनिवार को बिल्हा, निपानिया, भाटापारा, हथबंद एवं तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में ÷अमृत संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों ने स्टेशन पुनर्विकास कार्य, यात्री सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता एवं स्टेशन सौंदर्यीकरण जैसे विषयों पर रेल अधिकारियों के साथ सार्थक संवाद किया। उपस्थित नागरिकों एवं यात्रियों ने रेलवे द्वारा स्टेशनों पर किए जा रहे विकास एवं पुनर्विकास कार्यों की सराहना करते हुए अनेक रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए। इन सुझावों पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक महोदय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत संवाद में कहा कि अमृत संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच एक सशक्त एवं सीधा संवाद स्थापित करना है। भारतीय रेल को अधिक आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित, यात्री-अनुकूल एवं जन-केंद्रित बनाने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यात्रियों के सुझाव रेलवे की प्रगति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और इन सुझावों को नीतिगत रूप से लागू करने के लिए गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने अमृत भारत स्टेशनों पर चल रहे निर्माण अधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया। स्टेशनों पर आवागमन हेतु एप्रोच रोड, रेलवे कॉलोनी की व्यवस्था, विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया।इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल एवं मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण, रेलवे कर्मचारी एवं यात्रीगण, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने राज्योत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**राजनांदगांव 27 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज स्टेट हाई स्कूल मैदान में राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के संबंध में अच्छी प्रदर्शनी लगाने कहा। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, एन्ट्री गेट एवं अन्य तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने राज्योत्सव आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राज्योत्सव पर स्टेट हाई स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव 27 अक्टूबर। राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव 2025 के अवसर पर 2 नवम्बर 2025 को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के महंत राजा बलराम दास शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाई स्कूल) राजनांदगांव में शाम 6 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू के सुमधुर गीतों से महफिल सजेगी।

### 504 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

**राजनांदगांव 27 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाहन चालकों पर निगरानी रखने तथा मोटरयान अधिनियम व नियम के विपरीत वाहन चलाने वालों पर लाईसेंस निलंबन करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत 1 जनवरी से 24 अक्टूबर 2025 तक मोटरयान अधिनियम व नियम के विपरीत वाहन चलाने वाले 504 वाहन चालकों के ड्राईविंग लाईसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# किसान हैं विकसित भारत की रीढ़, तिलहन उत्पादन से बढ़ेगी आत्मनिर्भरता': टंक राम वर्मा



**रायपुर, 27 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सारंगढ़ कृषि उपज मंडी प्रांगण में ''तिलहन कृषक मेला सह सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत कृषि कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर अग्रसर हैं। इस दिशा में दलहन-तिलहन का अधिक उत्पादन देश को खाद्य तेल के आयात से मुक्ति दिलाएगा और आर्थिक आत्मनिर्भरता मजबूत करेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन करते हुए हितग्राहियों, महिला स्व-सहायता समूहों और विभागीय अधिकारियों से उत्पादों एवं तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को नई कृषि तकनीकें अपनाने, मृदा परीक्षण शिविरों में भाग लेने तथा कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि सारंगढ़ क्षेत्र की मिट्टी तिलहन उत्पादन के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है। तिलहन नगदी फसल है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार किसानों के लिए घोषित अधिकांश वादों को पूरा कर चुकी है, जिनमें भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि एक प्रमुख उपलब्धि है। कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा सांसद श्री कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय भूषण पांडेय एवं कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों को संबोधित किया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों और हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश सर्वे, पूर्व विधायक श्रीमती केराबाई मनहर तथा कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी एवं पशुधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार संकल्पित : विष्णुदेव साय

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर जरूरतमंद दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः संकल्पित है। उन्होंने कहा कि रायपुर में 5 एकड़ भूमि में दिव्यांगजनों के लिए सर्व-सुविधायुक्त पार्क का निर्माण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री श्री साय ने दिव्यांग बच्चों से बड़ी आत्मीयता के साथ भेंट की और उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कोंपलवाणी और अर्पण दिव्यांग संस्था में अध्ययनरत बच्चों ने मुख्यमंत्री सहित उपस्थित अतिथियों के समक्ष साइन लैंग्वेज का सुंदर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों के इशारों को दोहराते हुए उनसे साइन लैंग्वेज में गुड मॉर्निंग और गुड आफ्टरनून जैसे शब्द सीखे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगजनों के विकास के लिए सराहनीय कार्य हो रहा है। दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक ने रायपुर में दिव्यांग पार्क बनाए जाने की घोषणा की थी, और अब रायपुर में 5 एकड़ भूमि पर यह सर्व-सुविधायुक्त दिव्यांग पार्क विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम के आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन द्वारा जनसेवा के कार्यों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वहन किया जा रहा है। पूर्व में एसोसिएशन द्वारा मरीजों के लिए एम्बुलेंस भी प्रदान की गई थी, जिसका लाभ अनेक जरूरतमंद लोगों को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष छत्तीसगढ़ निर्माण का 25वां वर्ष है, जिसे हम रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि इस वर्ष प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। उसी दिशा में हमें विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। इस हेतु राज्य सरकार ने विकसित छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में सड़कों का निरंतर विस्तार किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुरङ्कविशाखापत्तनम तथा रायपुरङ्कधनबाद मार्गों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

महाराष्ट्र और त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस ने कहा कि मैं सांसद के रूप में दिव्यांगजनों के लिए गठित सोशल जस्टिस स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य रहा हूँ। संसद में दिव्यांग बिल के लिए हमने व्यापक अध्ययन किया था। बिल पारित होने के पश्चात दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं में तीन गुना वृद्धि हुई। राज्यपाल रहते हुए मुझे दिव्यांगजनों के लिए कार्य कर रही संस्थाओं में जाने का अवसर मिला।

## थोक सब्जी मण्डी मे भीषण आग लग जाने लाखों रुपये का नुकसान



**भाटापारा 27 अक्टूबर।** सोमवार की सुबह लगभग 9 से 10 बजे की बीच सुरखी रोड स्थित नई थोक सब्जी मण्डी मे भीषण आग लग जाने लाखो रूपये का नुकसान इस आग लगने की घटना से हुआ मिली जानकारी के अनुसार थोक सब्जी मण्डी बडे बडे वाहनो मे भरकर सब्जियों की नीलामी खरीदी बिक्री का काम चल रहा था की अचानक धुंआ और आग की लपटे उठता देख सब्जियों के व्यापारी हडबडा गये और तत्काल इसकी सूचना ग्रामीण थाना पुलिस को दी वहीं नगरपालिका के फायर वाहन को भी तत्काल बुलाया गया और आग बुझाने का काम शुरू किया गया आग इतनी भीषण थी की एक सीमेंट संयत्र से भी फायर वाहन को बुलाया गया आग शार्ट सर्किट होने की वजह से लगी ऐसा बताया गया है इस भीषण अग्निकांड मे सब्जियों के कैरेट सहित अन्य सामान जलकर राख हो गये घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, न.पा.अध्यक्ष अश्वनी शर्मा,सहित तहसीलदार यशवंत सिंह पुलिस विभाग से ग्रामीण थाना टी.आई.लखेश केंवट,शहर थाना टी.आई. प्रवीण मिंज सहित पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा अभी भी आग बुझाने का काम जारी है।

### बस्तर की जनता के मनोअनुकूल निर्णय लेने वाले सभी का है स्वागतः उपमुख्यमंत्री शर्मा

**रायपुर 27 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज अपने निवास कार्यालय में पत्रकारों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिसमें उन्होंने बताया कि बस्तर रेंज में आने वाले केशकल डिवीजन (नॉर्थ सब ज़ोनल ब्यूरो) के कुंएमारी एवं किसकोडो एरिया कमेटी से संबंधित 21 सशस्त्र नक्सलियों ने आज हथियार और हिंसा का मार्ग छोड़कर सम्मानपूर्वक पुनर्वास कर मुख्यधारा में जुडने का मार्ग चुना है, जो बहुत हर्ष का विषय है। जिनमें डिवीजन कमेटी सेक्रेटरी मुकेश भी शामिल हैं। पुनर्वास करने वाले 21 माओवादी कैडर में 13 महिला कैडर और 08 पुरुष कैडर शामिल हैं। इन माओवादी कैडरों द्वारा 18 हथियारों को समर्पित किया गया है, जिसमें 03 एके-47 रायफल, 04 एसएलआर रायफल, 02 इंसास रायफल, 06 संख्या में .303 रायफल, 02 सिंगल शॉट रायफल और 01 बीजीएल हथियार शामिल हैं।

पुनर्वास करने वालों में 04 डीवीसीएम (डिवीजन वाइस कमेटी मेंबर), 09 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 08 पार्टी सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बनाई गई रणनीति एवं संवेदनशील पुर्नवास नीति का परिणाम है कि हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं, पूर्व में 210 माओवादियों ने पुनर्वास का मार्ग चुना था और लगातार आज 21 ने शस्त्र त्यागे हैं। सम्मानपूर्वक शस्त्र त्यागकर पुनर्वास करने वालों का शासन लाल कालीन बिछाकर स्वागत करने को तैयार है, पर इसके साथ जो हिंसा का मार्ग नहीं त्यागते हैं उनके लिए नक्सल ऑपरेशन लगातार जारी रहेंगे। बस्तर के लाल आतंक से मुक्त कराना हमारी प्राथमिकता है। बस्तर की जनता के मनोअनुकूल निर्णय लेने वाले इन सभी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि अब पश्चिम्ब बस्तर एवं उत्तर बस्तर में स्थिति साफहो रही है और लोगों को लाल आतंक से मुक्ति मिल गयी है दक्षिण बस्तर में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं ताकि सभी का सम्मानपूर्वक पुनर्वास करवाया जाए और वे शस्त्र त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हों और समाज के निर्माण में लोकतांत्रिक तरीके से अपना योगदान दें। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात के 127वें संस्करण में भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किए जाने पर हर्ष जताया और कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के वोकल फॉर लोकल के लिए एक मिशाल है जो सुरक्षा एजेंसियों द्वारा नक्सल मोर्चे में भारतीय नस्ल के श्वानों को शामिल किया जा रहा है।

## राज्योत्सव एवं विधानसभा भवन लोकार्पण कार्यक्रम में जिले से 10000 लोग होंगे शामिल

**राजनांदगांव, 27 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर एवं दक्षिण मंडल द्वारा आज जिला भाजपा कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महापौर मधुसूदन यादव,जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,अशोक चौधरी की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में महापौर मधुसूदन यादव ने राज्य स्थापना के 25 वर्ष होने पर आयोजित राज्योत्सव एवं विधानसभा भवन के लोकार्पण का न्योता देते हुए कहा कि राज्य स्थापना के अवसर पर सिल्वर जुबली अवसर पर एवं नए विधानसभा भवन के लोकार्पण पर हम सभी राजनांदगांव वासी गौरवशाली पलों के साक्षी होंगे और सदैव ही हम अपने लोगों को बताएंगे कि मोदी जी के साथ हमने भी कार्यक्रम साझा किया। इसलिए उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को 1 नवंबर को रायपुर चलने का आह्वान किया। बैठक में महापौर ने सभी वार्ड के कार्यकर्ताओं से क्रमशः जानकारी ली और आवागमन तथा अन्य विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा भी की। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि डॉ रमन सिंह राजनांदगांव की जनता को अपनी सफलता का श्रेय देते हैं, इसलिए छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन के उद्घाटन पर सर्वाधिक संख्या एवं उपस्थिति का अवसर राजनांदगांव की जनता को प्राप्त हुआ है, उन्होंने सभी पार्षदों से शहर की



सुधि जनता एवं कार्यकर्ताओं को इस अवसर का लाभ लेने हेतु साथ में चलने का आवाहन किया।

किसान नेता अशोक चौधरी ने भी सभी कार्यकर्ताओं से मोदी जी की सभा को सुनकर अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया । मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजनन कर तत्पश्चात कमलेश प्रजापति द्वारा संगठन गीत से शुरू हुआ।

जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने भी अपने ऊर्जावान उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 1 नवंबर को रायपुर चलने के लिए आवाहन किया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। स्वागत प्रतिवेदन मंडल अध्यक्ष प्रशांत गोलू गुप्ता एवं सुमित भाटिया ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोकआदित्य श्रीवास्तव ने तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, सावन वर्मा,ऋषिदेव चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री पारुल जैन, ऊर्जा विभाग के विधायक प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु , अतुल रायजादा, त्रिगुण टांक सहित बड़ी संख्या में भाजपा उत्तर एवं दक्षिण मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के सिल्वर जुबली अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर जिला भाजपा ने तैयारी का दौर शुरू हो चुका है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के विशेष आमंत्रण पर छत्तीसगढ़ पधार रहे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवनिर्मित विधानसभा भवन के लोकार्पण के महत्वपूर्ण अवसर पर राजनांदगांव के कार्यकर्ताओं में एक विशेष उत्साह का माहौल है। ग्रामीण भाजपा की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की तैयारी के बारे में विस्तार से बताया और कार्यकर्ताओं को आवाहन किया कि 1 नवंबर को अपना दिन राज्य स्थापना और विधानसभा भवन के लोकार्पण के नाम करे, और ज्यादा से ज्यादा लोगों को रायपुर चलने के लिए प्रेरित करें।

## सामाजिक विकास का मूलमंत्र है शिक्षा, शिक्षा के बिना जीवन अधूराः मुख्यमंत्री



**रायपुर, 27 अक्टूबर।** शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सफल जीवन का मार्ग है। सामाजिक विकास का मूलमंत्र शिक्षा है। चाहे जीवन जीने की कला हो, व्यापार, कृषि या कोई अन्य क्षेत्र – प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। राज्य गठन के समय जहाँ केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान – जैसे आईआईटी, ट्रिपल-आईटी, आईआईएम, लॉ यूनिवर्सिटी, एम्स और सिपेट – छत्तीसगढ़ में स्थापित किए गए हैं, जिनसे राज्य के स्थानीय विद्यार्थियों को शिक्षा और अवसर दोनों प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि आज समाज को संगठित होने की आवश्यकता है, क्योंकि संगठित समाज से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि आपके समाज का कला और साहित्य के क्षेत्र में भी आदिकाल से अतुलनीय योगदान रहा है। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के दौरान काछनदेवी रस्म में देवी माँ जिस कन्या पर अवतरित होती हैं, वह भी पनिका समाज की होती है – यह निश्चित ही पूरे समाज के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का मूलमंत्र है – सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार पिछले 22 महीनों से सभी वर्गों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है। हमने अन्नदाताओं के हित में कृषक उन्नति योजना, प्रत्येक व्यक्ति को पक्का मकान देने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना, माताओं और बहनों को सशक्त बनाने के लिए महतारी वंदन योजना, तथा दूरस्थ अंचलों के विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षक युक्तियुक्तकरण जैसे कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री शम्भु नाथ चक्रवर्ती ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष श्री भरत दास मानिकपुरी सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## रानीदाह जलप्रपात : छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में छिपा प्रकृति का चमत्कार

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** रानीदाह जलप्रपात का सबसे आकर्षक रूप मानसून के दौरान देखने को मिलता है, जब पानी का बहाव चरम पर होता है और चारों ओर हरियाली व वादियां निखर उठती हैं। एडवेंचर, फोटोग्राफी, और प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान अद्भुत अनुभव देता है। यहाँ की स्वच्छ बूंदें, हरियाली भरी घाटियाँ और झरने की गूंज हर आगंतुक को मंत्रमुग्ध कर देती है।

रानीदाह जलप्रपात छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 15 से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह झरना घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों के मध्य स्थित है और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। बरसात के मौसम में यहाँ का नजारा अत्यंत मनोहारी होता है, झरने की धाराएं विशाल चट्टानों से गिरती हैं और एक विशाल जलकुंड में मिल जाती हैं। आसपास जंगल, टेढ़े-मेढ़े रास्ते, और ऊँची-नीची पहाड़ियाँ इस जगह को



रोमांचक बनाते हैं। यहाँ के माहौल में शांति, ताजगी और हरियाली छायी रहती है, जिससे यह पिकनिक और प्रकृति प्रेमियों का आदर्श स्थल है।

रानीदाह जलप्रपात से जुड़ी एक रोचक किंवदंती भी है। कहा जाता है कि उड़ीसा की रानी शिरोमणि अपने प्रेमी के साथ भागकर जशपुर आई थीं, जहाँ उन्होंने अपने भाईयों से छिपते हुए इसी झरने के समीप आत्मसमर्पण किया। इसी वजह से इस स्थल का नाम रानीदाह पड़ा। आज भी यहाँ रानी की समाधि और पंचमैया नामक स्थल देखने को मिलता है, जो रानी के पाँच भाईयों को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाता है। जलप्रपात के निकट एक शिव मंदिर भी है, जिससे इसका धार्मिक महत्त्व बढ़ जाता है।

यह जलप्रपात वर्ष पर्यन्त विशेष रूप से जून से फरवरी तक चालू रहता है। जशपुर से आरा मार्ग पर लगभग 18 किमी दूरी और मुख्य सड़क से 5 किमी अंदर की ओर स्थित इस स्थल तक सड़क मार्ग, ट्रेन (रांची व अंबिकापुर रेलवे स्टेशन), और हवाई यात्रा (रांची व रायपुर एयरपोर्ट) से पहुँचा जा सकता है। यहाँ जिला प्रशासन ने व्यू प्वाइंट, सीढ़ियाँ, एवं पिकनिक के लिए सुरक्षित व्यवस्था की है ताकि पर्यटक पूर्ण रूप से प्रकृति का आनंद उठा सकें।

रानीदाह जलप्रपात न केवल छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण बिंदु है, बल्कि प्रकृति, इतिहास और रोमांच से भरपूर एक अविस्मरणीय स्थल भी है। यहाँ आकर मनुष्य को प्रकृति के शांत, पवित्र एवं रमणीय स्वरूप का गहरा अहसास होता है।

### 6 माह के बच्चों को साथ लेकर बुजुर्गों ने की श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में पूजा

**रायपुर 27 अक्टूबर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में ज्ञानपंचमी के अवसर पर जैन धर्म के बच्चे युवाओं श्रावक श्राविकाओं ने सम्यक ज्ञान की पूजा आराधना में भाग लिया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि ज्ञानपंचमी के अवसर पर पवित्र शास्त्रों व ज्ञान के महत्व को पहचानने के लिए धार्मिक पुस्तकों की पूजा की गई। माता पिता अपने 6 माह के बच्चों से लेकर बड़ी उम्र के बच्चों के साथ सम्यक ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूजा अर्चना की। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चों के साथ अनेक युवाओं ने मतिज्ञान श्रुतज्ञान अवधिज्ञान मनःपर्यव ज्ञान व केवलज्ञान की आराधना करते हुए 5 चैत्यवंदन किया तथा 51 प्रदक्षिणा व 51 खमासना देकर क्रिया सम्पन्न की गई। ज्ञानपंचमी के दिन से पंचमी का उपवास आरम्भ किया जाता है। यह शुक्ल पक्ष की पंचमी को पांच वर्ष पांच माह के लिए उपवास का संकल्प लिया जाता है।

## एक नजर

### सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** पुलिस लाइन स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश कुमार ध्रुव 46 वर्ष मकान नंबर 33 पुलिस लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 30 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** चंदखुरी फार्म मंदिरहसौद स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर



अज्ञात चोर ने नकदी 4 हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी घनश्याम वर्मा 35 वर्ष चंदखुरी फार्म मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 4 हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार की टक्कर से एक्टिवा सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** आमापारा स्वीपर कालोनी के पास एक तेज रफ्तार वेगनआर कार




के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार अधेड़ को ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वेगनआर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक लक्ष्मीकांत तिवारी 60 वर्ष विकाश विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 3087 से कहीं जा रहा था, तभी आमापारा स्वीपर कालोनी के पास वेगनआर क्रमांक सीजी 04 एचआर 4401 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे एक्टिवा सवार लक्ष्मीकांत की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कार चालक को हिरासत में लिया है।

### चाकू लहराकर आतंक फैलाते 8 गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** देवेन्द्र नगर और धरसींवा थाना पुलिस ने चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र नगर पुलिस ने त्रिमूर्तिनगर के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी आनंद छूरा 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी चंद्रशेखर पाल 18 वर्ष, गौरव उर्फ अमन साहू 18 वर्ष, पियूष रजक 18 वर्ष, समीर साहू 20 वर्ष, अर्जुन साहू 18 वर्ष, सुशांत नामदेव 18 वर्ष और अर्जुन यादव 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### कौटिल्य अकादमी का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** कौटिल्य एकेडमी रायपुर ब्रांच के संचालक पवन टांडेश्वर, जो थाना सरस्वती नगर के प्रकरण क्रमांक 255/24 (धारा 318(4), 3(5) BNS) में फरार था, को गिरफ्तार किया गया है। पवन व उसकी पत्नी रूबी मजूमदार ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के नाम पर 19 अभ्यर्थियों से ?18,03,105 की ठगी कर कोचिंग संस्थान बंद कर दिया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# छत्तीसगढ़ में बिहार की तर्ज पर होगा एसआईआर सर्वे

## निर्वाचन आयुक्त करेंगे घोषणा, टॉप-टेबल एक्सरसाइज पूर्व में करवा चुका राज्य निर्वाचन आयोग

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में भी अब बिहार की तर्ज पर विशेष इंटेंसिव रिवीजन (SIR) सर्वे होने जा रहा है। निर्वाचन आयोग आज यानी सोमवार शाम 4.15 बजे इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी देशभर में स्ढ्क्रकी तारीखों की घोषणा करेंगे। माना जा रहा है कि आयोग अगले हफ्ते से देशभर में स्ढ्क्रकी शुरुआत कर सकता है।

आपको बता दे, कि प्रदेश में स्ढ्क्र सर्वे के तहत राज्य निर्वाचन आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश के कलेक्टरों ने टॉप-टेबल एक्सरसाइज (पुरानी और वर्तमान लिस्ट का मिलान) प्रक्रिया पूर्व में करवाई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का निर्देश मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयुक्त इसमें आगे की प्रक्रिया करेंगे।



सूत्रों के अनुसार, पहले चरण में 10 से 15 राज्यों में यह सर्वे होगा। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में भी इस सर्वे को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है।

**जिन राज्यों में चुनाव वहां अभी नहीं :** चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन राज्यों में इस समय स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं, वहां SIR फिलहाल नहीं कराया जाएगा। इसका कारण यह है कि निचले स्तर के कर्मचारी इन चुनावों में व्यस्त हैं और सर्वे के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। ऐसे राज्यों में स्थानीय निकाय चुनाव खत्म होने के बाद SIR कराया जाएगा।

**मतदाता सूची की जाएगी अपडेट:** SIR के तहत मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा, नए मतदाताओं का पंजीकरण होगा और मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे। आयोग का उद्देश्य आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाना है। छत्तीसगढ़ में निर्वाचन विभाग ने जिलों को प्रारंभिक निर्देश जारी कर दिए हैं। उम्मीद है कि चुनाव आयोग की घोषणा के बाद राज्य में SIR की प्रक्रिया तेजी से शुरू की जाएगी।

## एसआईआर क्या है

### छत्तीसगढ़ राज्य में हैं 2.11 करोड़ वोटर

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव में निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने 1 जनवरी 2025 की तिथि में प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 2 करोड़ 11 लाख पांच हजार 391 बताई थी। इनमें एक करोड़ चार लाख 27 हजार 842 पुरुष मतदाता, एक करोड़ छह लाख 76 हजार 821 महिला मतदाता और 728 तृतीय जेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में निर्वाचकों का लिंगानुपात 1024 है।

### बिहार में एसआईआर को लेकर विवाद हुआ

बिहार में चुनाव के पहले स्ढ्क्रको लेकर विवाद हुआ था। विपक्षी दलों ने सरकार पर वोट चोरी का आरो लगाया था। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में केस अभी भी चल रहा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को सही करार दिया। आयोग ने बिहार की अंतिम वोटर लिस्ट सुप्रीम कोर्ट में भी सौंपी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी का आरोप लगाते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

### आयोग का आदेश सभी जिलों में एक साथ लागू होगा

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि SIR को लेकर छत्तीसगढ़ में टेबल टॉप एक्सरसाइज (पुरानी और वर्तमान लिस्ट का मिलान) हो चुकी है। निर्वाचन आयोग से आदेश आते ही इसे राज्य के सभी जिलों में एक साथ लागू किया जाएगा। राज्य के अधिकारियों ने सर्वे को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है।

## 6 घंटे 45 मिनट रायपुर में रहेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# सत्य साई हॉस्पिटल में 2500 बच्चों से बात म्यूजियम का उद्घाटन व रोड शो भी करेंगे

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर की सुबह रायपुर आएंगे। एक दिवसीय दौरे में पीएम मोदी 6 घंटे 45 मिनट नवा रायपुर में रहेंगे। इस दौरान 6 अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। विधानसभा के नए भवन और आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के म्यूजियम का उद्घाटन और रोड शो भी करेंगे। पीएम मोदी के दौरे का शेड्यूल इतना टाइट है कि लंच का कोई समय तय नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि वे एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के दौरान ही अल्पाहार लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान सबसे पहले श्री सत्य साई संजीवनी चाइल्ड हार्ट हॉस्पिटल जाएंगे। यहां वे उन 2500 बच्चों के साथ दिल की बात करेंगे, जिनके हार्ट का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया है। इसके बाद वे प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी के शांति शिखर भवन का उद्घाटन करेंगे। नवा रायपुर में 6 स्थानों पर 6 से ज्यादा योजनाओं की झांकियां प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में बनाई जा रही हैं। इनमें ऑपरेशन सिंदूर, नक्सल मुक्ति, लखपति दीदी और महतारी वंदन योजना की झांकी शामिल है।



### सबसे अंत में राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे

दोपहर बाद प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी फ्रीडम फाइटर म्यूजियम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 5 दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। देर शाम वे दिल्ली लौट जाएंगे।

### राज्य स्थापना पर बंद रहेंगे स्कूल- कॉलेज और दफ्तर

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को स्कूल- कॉलेजों में छुट्टी रहेगी। इसे स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उस दिन शनिवार होने से सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं में पहले से ही अवकाश है। हालांकि, बैंक, कोषालय, उप कोषालय और अन्य वित्तीय संस्थान के लिए यह स्थानीय अवकाश लागू नहीं होगा। सामान्य प्रशासन ने इस बारे में आदेश जारी कर दिया है।

**5 दिन तक होगा भव्य आयोजन :** छत्तीसगढ़ इस बार अपना 25वां स्थापना दिवस मनाएगा। भाजपा जश्न के साथ ही इसे गर्व और पहचान का उत्सव बनाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार ने इस बार राज्योत्सव को 3 दिन से बढ़ाकर 5 दिन करने का फैसला लिया है। 1 नवंबर से 5 नवंबर तक नवा रायपुर में भव्य आयोजन होंगे। समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति मौजूद रहेंगे।

**6 अफसरों को बनाया नोडल अफसर:** राज्य शासन ने एसीएस गृह एवं जेल मनोज कुमार पिंगुआ को मोदी के कार्यक्रम और विधानसभा भवन के उद्घाटन समेत अन्य कार्यक्रमों के लिए नोडल अफसर बनाया है। ट्राइबल विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा को आदिवासी संग्रहालय के लोकार्पण, सचिव परिवहन एस. प्रकाश को संसदीय कार्य और नए विधानसभा भवन के उद्घाटन की व्यवस्था की जिम्मेदारी मिली है।

सचिव समाज कल्याण विभाग भुवनेश यादव को राज्योत्सव- मुख्य मंच की व्यवस्था, सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा एस. भारतीदासन को राज्योत्सव स्थल की प्रदर्शनी, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला को ब्रम्हकुमारी ध्यान केंद्र के उद्घाटन के लिए नोडल अफसर बनाया गया है।

# साइंस कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** साइंस कॉलेज में एमएससी की पढ़ाई कर रही 25 वर्षीय एक छात्रा ने सुंदरनगर स्थित किराए के मकान में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है. पुलिस मर्ग कायम करके नौ दिनों से जांच कर रही है. खुदकुशी की वजह सामने नहीं आई है. पूरा मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है.

मृतका प्रज्ञा शर्मा पिता अशोक शर्मा का परिवार मूलतः बेमेतरा जिले का निवासी है. छात्रा की एक सहेली 17 अक्टूबर को उससे मिलने किराए के मकान में गई, तब उसने दरवाजा खुला पाया. दरवाजा भीतर से बंद नहीं था. सहेली भीतर गई तो सीलिंग फैन के रॉड में प्रज्ञा शर्मा की लाश फांसी पर लटकी हुई थी. छात्रा सुंदरनगर आदर्श चौक स्थित रामजी कुंज में रहती थी और वहीं घटना हुई है.

### सुसाइड नोट हुआ बरामद

सुसाइड नोट में लिखा, मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं पुलिस



सूत्रों के मुताबिक छात्रा ने सुसाइड नोट लिखा है लेकिन उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं बताया है.

उसने यह भी लिखा है कि उसे पिता का प्यार नहीं मिला. दरअसल छात्रा के माता-पिता में अलगाव हो चुका है. पिता इन दिनों बीमार हैं और मां शासकीय नौकरी में महासमुंद में पदस्थ हैं. पुलिस को छात्रा का पता बस स्टैंड के पास महासमुंद बताया गया है. थाने के विवेचना अधिकारी के मुताबिक परिजन अभी शोक में हैं. उनका विस्तृत बयान दर्ज नहीं किया गया है. परिजनों से पूछताछ और जांच के बाद पता चलेगा कि प्रज्ञा ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या की है.

### स्पॉ सेंटर संचालक से प्रोटेक्शन मनी के नाम पर सवा लाख की लूट, मामला दर्ज

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** राजेंद्र नगर थाने में एक स्पॉ सेंटर के संचालक ने 20 से 25 बदमाशों के खिलाफसवा लाख रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है. घटना रविवार रात करीब 8 बजे की है. बदमाश खुदको एक राजनीतिक संगठन से जुड़े होने की धौंस देकर प्रोटेक्शन मनी लेने की बात कहते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों की पतासाजी में जुट गई है. घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की जा रही है. राजेंद्र नगर में वेलनेस स्पॉ सेंटर के संचालक सन्नी मनवानी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है.

सन्नी ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह अपने स्पॉ सेंटर में था, इस दौरान 20-25 युवक स्पॉ सेंटर में घुस आए. उन्होंने अपने आपको कथित तौर पर शिवसेना से जुड़े होने की बात कहते हुए सन्नी को प्रोटेक्शन मनी देने के लिए कहा. इस दौरान एक युवक ने दराज खोलकर 20 हजार रुपए कैश निकाल लिए. कैश निकालने के बाद आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने सन्नी को अपने साथ कार में चलने के लिए विवश किया. शेष युवक स्पॉ सेंटर में मैनेजर को बंधक बनाकर रोके रहे.

#### एटीएम कार्ड से 50 हजार कैसे डेबिट कराए

सन्नी ने जैसा पुलिस को बताया कि बदमाश उसे अपने साथ कार में ले जाने के बाद इधर-उधर घुमाते रहे. इसके बाद शैलेंद्र नगर के एक एटीएम में ले गए और उसके अकाउंट से जबरन 50 हजार रुपए आहरण कराए. इसके बाद सन्नी को बदमाश कचना ले गए, वहां एक पेट्रोल पंप से 50 हजार रुपए डेबिट कराए. एटीएम में एक दिन में 20 हजार रुपए से ज्यादा का आहरण नहीं हो सकता, ऐसे में बदमाश सन्नी के अकाउंट से कैसे 50 हजार रुपए आहरित किए, यह जांच की विषय है.

## राज्योत्सव के विभागीय स्टॉलों में प्रदर्शित होगी 25 वर्षों की विकास गाथा : साव

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सरकार विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह अवसर प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है।

श्री साव ने कहा कि, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदृष्टि से बना छत्तीसगढ़ आज विकास, समृद्धि और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं 25 वर्षों की विकास यात्रा और राज्य निर्माण की गाथा को राज्योत्सव स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।



**बस्तर ओलंपिक की शुभारंभ तिथि में होगा परिवर्तन**

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राजधानी नवा रायपुर में 5 दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन होगा, जबकि सभी जिला मुख्यालयों में 3 दिवसीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। इस बार राज्य स्थापना का यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है। श्री साव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आगमन की भी तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री जी के स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो आयोजित होगा, इन मार्गों पर 12 आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इन द्वारों पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री जी के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली है।

# 28 को सूर्योदय अर्घ्य और पारण एवं महाभंडारा का होगा आयोजन

## राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी स्वाति मिश्रा का महादेव घाट में होगा गायन

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** राजधानी में महादेव घाट खारून नदी तट पर आज छठ महापर्व आयोजन समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है 28 अक्टूबर को प्रातः सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पर्व समाप्त हो जाएगा।

आयोजन समिति के प्रमुख से मिली जानकारी के अनुसार महादेव घाट में आज स्वाति मिश्रा लोक गायिका राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी प्रयाग राज की सोनाली तरूण चोपड़ा एवं छग के लोकधारा तिलक राजा साहू एवं केसरी साहू के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। आज राजधानी में छठ महापर्व के लिए महाआरती तथा अनेक कार्यक्रम हुए एक पर्व उत्तर भारतीयों के द्वारा मनाया जाता है जिसमें महिला एवं पुरुष भाग लेते है।

छठ मैया को रोटी एवं गुड का भोग लगाया जाता है। व्रती द्वारा आज 50 घाटों में अस्तचल गामी सूर्य को अर्ध्य दिया गया। इसमें महादेव घाट डंगनिया हीरापुर, व्यास तालाब मच्छी तालाब आमा तालाब में आस्था का सैलाब देखा गया इसके लिए सभी घाट में तैयारियां कर ली गई है। घाटों की साफ सफाई रंग रौगन तथा साफ सज्जा एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है।

आयोजन समिति के अनुसार इसमें समिति के सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा छठ मैया नवजात शिशुओं की रक्षा करती है। व्रती भगवान सूर्य की अर्ध्य देकर परिवार की स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।

## अवैध कब्जा, साफ-सफाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष घेरेगा महापौर को

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 29 अक्टूबर को तय की गई है। विपक्ष ने महापौर को साफ सफाई स्ट्रीट लाइट तथा अवैध कब्जे को लेकर घेरने की योजना बनाई है। इधर सत्तारूढ़ एवं विपक्ष के दलों ने भी इसके लिए कई प्रश्न लगाये हैं। सत्तारूढ़ दल ने भी विपक्षी एवं सत्तापक्ष के पार्षदों के जवाब देने के लिए कमर कस ली है। नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे ने महापौर निवास कार्यालय में नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित नगर निगम सामान्य सभा सभागार में आहुत रायपुर नगर निगम सामान्य सभा की बैठक के सम्बन्ध में एमआईसी सदस्य सरिता आकाश दुबे, सुमन अशोक पाण्डेय, गायत्री सुनील चंद्राकर, डॉ. अनामिका सिंह, सर्वश्री मनोज वर्मा, अवतार भारती बागल, दीपक जायसवाल, संतोष सीमा साहू, अमर गिदवानी, नंदकिशोर साहू, भोलाराम साहू, खेम कुमार सेन सहित नगर निगम के सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर सामान्य सभा की बैठक में चर्चा और विचार - विमर्श हेतु निर्धारित सभी एजेंडों और एक घण्टे के प्रश्नकाल की कार्यवाही हेतु पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां तत्काल पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं।

**आयोजन** रेलवे की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 30 से रायपुर में

# 12 जोन के शीर्ष तीरंदाज हिस्सा लेने पहुंचेंगे राजधानी

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर एक बार फिर राष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ (SECRSA) की ओर से आयोजित 15वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता (पुरुष-महिला वर्ग) का भव्य आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेकरसा स्टेडियम में होगा।

इस प्रतिष्ठित अंतर-रेलवे टूर्नामेंट में देशभर के 12 रेलवे जोन की टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें भारतीय रेलवे के शीर्ष रिकर्व एवं कंपाउंड तीरंदाजी वर्ग के तीरंदाज अपने निशाने साधते नजर आएंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। 15वीं अखिल भारतीय रेलवे तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेकरसा स्टेडियम में होगा।



### सुरक्षा, चिकित्सा, आवास और खानपान की होगी व्यवस्था

आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए सुरक्षा, चिकित्सा, आवास और खानपान की समुचित व्यवस्था की गई है। खेल संघ ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर भारतीय तीरंदाजों का उत्साहवर्धन करें। इस प्रतियोगिता से रायपुर एक बार फिर राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी पहचान मजबूत करेगा और तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेल को नई ऊंचाई देगा।

**तीरंदाजी खेल को मिलेगा बढ़ावा:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी और वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने बताया कि यह आयोजन न केवल तीरंदाजी खेल को बढ़ावा देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजों से सीखने का अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में तीरंदाजी के प्रति नई ऊर्जा और रुचि जगाने का कार्य करेगी।

# प्रदेश के 5 जिलों में कल बारिश का रेड अलर्ट

## बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम का असर; 60-70 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**रायपुर, 27 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अगले 3 से 4 दिन बस्तर और रायपुर संभाग के जिलों में बारिश की आशंका है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान में बदल गया है। इसके असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। कल बस्तर क्षेत्र के जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। 28 अक्टूबर को मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनमें नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा 5 शामिल है। वहीं कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद में ऑरेंज अलर्ट है। रायपुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, महासमुंद, बालोद, राजनांदगांव, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी है। रविवार को भी बस्तर में कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। राजधानी रायपुर में भी बूंदाबादी हुई। आसमान में हल्के बादल भी छाए रहे। रायपुर के माना में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 33.6एष्ट और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.5 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया।

### अक्टूबर में अब तक 59 फीसदी ज्यादा बारिश

छत्तीसगढ़ से मानसून 15 अक्टूबर तक लौट गया। मानसून सीजन 30 सितंबर को ही खत्म माना जाता है। इसलिए अक्टूबर में होने वाली बारिश मौसम विभाग सालाना वर्षा के रूप में रिकॉर्ड करता है। इस साल अब तक 1 से 26 अक्टूबर तक 89.4 मिमी पानी गिर चुका है। 26 दिन की औसत वर्षा 56.2 मिमी है। यानी औसत से 59 फीसदी ज्यादा पानी अब तक गिर चुका है।

**बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम, इस वजह से बारिश:** दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक गहरा अवदाब (मजबूत सिस्टम) बना हुआ है। इसके चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। इस वजह से 28 अक्टूबर को बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। यह अधिकतम 80 किमी तक पहुंच सकती है। इससे बस्तर संभाग में तेज हवा चलने के साथ भारी बारिश होगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26